

लीजेंड 90 लीग से मैदान पर वापसी के लिए तैयार शिखर धवन


पेज - 7

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

इसरो को जल्द मिलेगा श्रीहरिकोटा में तीसरा लॉन्च पैड

पेज - 8



वर्ष : 33 | अंक : 302 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, शुक्रवार, 17 जनवरी 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

# सैफ अली खान पर जानलेवा हमला

अमित बृज | मुंबई

फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर बुधवार रात जानलेवा हमला हो गया। उनके घर में प्रवेश करनेवाले शख्स ने धारदार हथियार से 6 वार किए। यह हमला बुधवार रात 2.30 बजे के लगभग हुआ था। सैफ बांद्रा (पश्चिम) के सतगुरु शरण इमारत की 11वीं मंजिल पर रहते हैं। हमले के बाद आरोपी फरार हो गया, लेकिन इस दौरान वह सीसीटीवी में कैद हो गया। जबकि सैफ को उनके बेटे इब्राहिम ने तड़के 3 बजे बांद्रा के लीलावती अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उनकी सर्जरी की। यह सर्जरी गुरुवार सुबह 6 बजे से 12 बजे तक चली। इसके बाद डॉक्टरों ने सैफ की हालत स्थिर बताई। पुलिस ने इस हमले की जानकारी मिलते ही सैफ के घर की सुरक्षा बढ़ा दी और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। प्राथमिक जानकारी में पता चला है कि आरोपी बगल की इमारत से सैफ के घर सतगुरु शरण इमारत में प्रवेश किया था। इस हमले में दो हाउस मेड को भी हल्की चोटें आई हैं।





- लीलावती अस्पताल में हुआ ऑपरेशन, अब खतरे से बाहर
- एक करोड़ की लूट का इरादा लेकर घर में घुसा था आरोपी शख्स

## नौकरों से भी पूछताछ

जांच के दौरान मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने घर में काम करनेवाले नौकरों से भी पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में सैफ के घर पर काम करनेवाली और हमले में घायल नौकरानी एरियामा फिलिप्स उर्फ लीमा ने बताया कि आरोपी की उम्र करीब 30 साल के आसपास है। 11वीं मंजिल पर सैफ अली खान परिवार के साथ सो रहे थे, लीमा भी उसी मंजिल पर सो रही थी। इस दौरान जब लीमा सैफ अली खान के बेटे जहांगीर के कमरे के गई तो उसने देखा कि कोई अज्ञात शख्स रूम में कुछ खोज रहा है। आरोपी को देखकर उसने शोर मचाया। उसके शोर मचाने पर आरोपी ने उसे चुप रहने की धमकी दी। आरोपी ने घर में मौजूद नौकरानी को पकड़कर रखा था। आरोपी के पास हेक्सा ब्लेड था। चीख पुकार के बीच घर में मौजूद दूसरी नौकरानी भी आ गई। शोर-शराबा सुनकर जब सैफ वहां पहुंचे तो उन्होंने परिवार को सुरक्षित करने की कोशिश की। उस दौरान उन्होंने आरोपी शख्स से पूछा कि उसे क्या चाहिए, जिसके बाद उसने कहा कि उसे एक करोड़ चाहिए। हाउस मेड ने डंडे की मदद से आरोपी को डराने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने सैफ अली खान पर हमला कर दिया। जिसमें सैफ अली खान की पीठ, गर्दन और हाथ समेत कई जगह 6 जख्म हो गए।

## सैफ पर चाकू से हमला, सलमान के घर के बाहर फायरिंग, बाबा सिद्दीकी की हत्या

सैफ हैं सैफ लेकिन ⚠ अनसेफ मुंबई



सैफ अली खान के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए लीलावती अस्पताल के सीओओ डॉ.नीरज उत्तमानी ने बताया कि सैफ सर्जरी के बाद सेफ हैं। लेकिन इस वारदात से फिल्म जगत से लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल मची हुई है। एक बड़े फिल्म कलाकार पर हुए हमले के बाद विपक्ष ने महाराष्ट्र सरकार पर सवाल उठाते हुए राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति के लिए मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जिम्मेदार बताया है।

### पवार ने मुंबई की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर जताई चिंता

शरद पवार ने कहा कि अभिनेता सैफ अली खान पर हमला इस बात का संकेत है कि मुंबई में कानून-व्यवस्था किस कदर बिगड़ चुकी है। इसी बीच उसी इलाके में एक व्यक्ति (बाबा सिद्दीकी) की हत्या कर दी गई और आज एक और व्यक्ति पर हमला हुआ। यह सब चिंताजनक है। शरद पवार ने राय व्यक्त की कि राज्य सरकार, विशेषकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। जो कि राज्य के गृह मंत्री भी हैं।

### बाथरूम में छुपकर बैठा था आरोपी

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी की तलाश में पुलिस ने25 से 30 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। जिसमें आरोपी की पहचान होने का दावा किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सैफ अली खान पर हमले को अंजाम देने के बाद आरोपी बांद्रा स्टेशन की तरफ भागा था। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी पेटफीना इमारत से कूदकर सैफ अली खान के घर में दाखिल हुआ था। बांद्रा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या या गंभीर चोट पहुंचाने के प्रयास के साथ सशस्त्र डकैती का मामला दर्ज किया है। आरोपी की तलाश में क्राइम ब्रांच की 10 से 15 टीमें लगी हुई हैं।

### मुंबई में कोई भी सुरक्षित नहीं

शिवसेना सांसद एवं प्रवक्ता संजय राऊत ने कहा कि कोई भी सुरक्षित नहीं है। हम लोग तो दूर अब वह लोग की सुरक्षित नहीं है जिनके पास अपनी सुरक्षा है। राऊत ने कहा कि राज्य में पुलिस वाले अधिकतर नेताओं की सुरक्षा में तैनात हैं। खासकर जो दल बदल कर दूसरी पार्टियों में गए हैं। सरकार का पर्दाफाश हो गया है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि पहले कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई, उसके बाद सलमान खान के घर पर फायरिंग हुई और अब सैफ अली खान पर हुआ हमला बताता है कि गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र में सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने में नाकामयाब रहे हैं।

### मुंबई को असुरक्षित कहना सही नहीं : सीएम फडणवीस



अभिनेता सैफ अली खान पर मुंबई में हुए हमले के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शहर की कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवालों का जवाब दिया है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन मुंबई को असुरक्षित कहना सही नहीं होगा।

### कांग्रेस बोली- राज्य में कानून व्यवस्था खराब



कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंधे ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि आज की घटना और बीड में हुई घटना यह दर्शाती है कि प्रशासन असामाजिक तत्वों के लिए काम कर रहा है। बीड में एक ऊर्जा कंपनी से पैसे वसूलने के प्रयास को कथित रूप से विफल करने पर एक गांव के सरपंच की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर अभिनेता सैफ अली खान और सलमान खान जैसे लोग जो उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में रहते हैं, उन पर हमला किया जा रहा है और उन्हें बुलेटप्रूफ खिड़कियां लगाने की जरूरत है, तो इसका मतलब है कि सरकार पर किसी को भरोसा नहीं है।

## मुख्यमंत्री चुनेंगे नया राज्य चुनाव आयुक्त

धीरज सिंह | मुंबई



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राज्य के नए चुनाव आयुक्त का चयन करेंगे। गुरुवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्य चुनाव आयुक्त पद पर नियुक्ति के लिए नाम की सिफारिश करने का अधिकार मुख्यमंत्री को दिया जाएगा।

### पिछले साल सितंबर में खाली हुआ था पद

राज्य चुनाव आयुक्त यूपीएस मदान के पिछले साल सितंबर में सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद खाली है। अब नए चुनाव आयुक्त पद के लिए प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्य सचिव नितीन करीर, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष राजीव जलोटा और योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजगोपाल देवरा समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों के नाम चर्चा में हैं। इनमें राजगोपाल देवरा को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। हालांकि, देवरा अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त होंगे। यदि मुख्यमंत्री देवरा के नाम की सिफारिश करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्ति से पहले इस्तीफा देना होगा।

### स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारी

इस साल 2025 में मुंबई, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली समेत राज्य की 29 महानगर पालिकाओं, 32 जिला परिषदों, नगर परिषदों, नगर पंचायतों और पंचायत समितियों के चुनाव होने हैं। हालांकि, इससे पहले स्थानीय निकायों में आरक्षण के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में 22 जनवरी को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद स्थानीय निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो जाएगा।

## मोदी सरकार का केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा

- केंद्र सरकार ने 8वां वेतन आयोग बनाने की दी मंजूरी

एजेंसी | नई दिल्ली



केंद्रीय कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। आयोग की सिफारिशें 2026 से लागू होंगी। यह जानकारी कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दी। उन्होंने कहा- सातवां वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था, इसकी सिफारिशें 2026 तक जारी रहेंगी।

### 2026 से लागू होने की उम्मीद

केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। यह घोषणा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। ये घोषणा बजट 2025 की घोषणाओं से कुछ दिन पहले हुई है। हालांकि, आयोग की स्थापना की सटीक तिथि अभी तय नहीं की गई है। अभी देश में 7वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू हैं। ये जनवरी 2016 से लागू हैं और 31 दिसंबर 2025 को खत्म होंगी। इससे पहले, चौथे, पांचवें और छठे वेतन आयोग का पीरियड भी 10 साल का रहा है। यानी, उम्मीद है कि साल 2026 से आठवां वेतन आयोग लागू होगा।

### कब होगा आयोग का गठन?

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 8वें वेतन आयोग को लागू करने के लिए जल्द ही एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। इस आयोग का उद्देश्य केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभनर्स के वेतन और पेंशन को फिर से निर्धारित करना होगा। यानी, केंद्रीय कर्मचारियों का सैलरी स्ट्रक्टर और पेंशनर्स की पेंशन भी यह आयोग तय करेगा। साल 2026 में केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन बढ़ जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। यह कदम 7वें वेतन आयोग की समाप्ति से पहले उठाया गया है, जिसका कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा।

## जवानों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़

- मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर

एजेंसी | बीजापुर

छत्तीसगढ़ तेलंगाना बार्डर इलाके के बीजापुर जिले में गुरुवार की सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है. इस नक्सली मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। इलाके में नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सर्चिंग अभियान भी तेज किया गया है। पुलिस के मुताबिक 16 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे दक्षिणी बीजापुर के जंगल में सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली। सर्चिंग के दौरान जवानों का सामना माओवादियों से हुआ। दोनों ओर से लगातार गोलीबारी होती रही। मुठभेड़ में अबतक 12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है।



### साल 2025 में दूसरी बड़ी मुठभेड़

नए साल पर नक्सलियों के खिलाफ जवान नई रणनीति के साथ एक्शन ले रहे हैं। 12 जनवरी को बीजापुर में 5 माओवादी मारे गए थे। वहीं 6 जनवरी को बीजापुर के कुटरु में नक्सलियों के लगाए बम की चपेट में आने डीआरजी के 8 जवान शहीद हो गए थे। पिछले साल 2024 में राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने 219 नक्सलियों को मार गिराया था।

## यौन उत्पीड़न की शिकायतों पर निगरानी के लिए बनी समिति

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र में कार्यरत अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के खिलाफ होने वाली यौन उत्पीड़न की शिकायतों पर निगरानी के लिए मुख्य सचिव सुजाता सौनिक की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। साथ ही निगरानी समिति में नए सदस्यों को नियुक्त किया गया है। गुरुवार को राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी किया है। शासनादेश के मुताबिक मुख्य सचिव सुजाता समिति की पदेन अध्यक्ष होंगी। जबकि आईएएस अधिकारी मनीषा म्हैसकर-पाटणकर, आईपीएस अफसर अर्चना त्यागी, आईएफएस ज्योति बनर्जी समिति की सदस्य होंगी।

## 10 मार्च को आएगा महायुति सरकार का बजट

- 3 मार्च से शुरू होगा विधानमंडल का बजट सत्र
- सरकार के सामने चुनावी वादों को पूरा करने की चुनौती



मुनीब चौरसिया | मुंबई

प्रदेश में सत्तारूढ़ महायुति सरकार का बजट 10 मार्च को पेश किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार विधानसभा में वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत करेंगे। गुरुवार को पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इस बात की जानकारी दी। अजित पवार ने बताया कि विधानमंडल का बजट सत्र 3 मार्च से शुरू होगा, जबकि 10 मार्च को बजट पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 2024 के विधानसभा चुनावों में सरकार ने मुख्यमंत्री मेरी लाड़ली बहन योजना की अनुदान राशि को 1500 रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये करने, किसान कर्ज माफी समेत कई वादे किए थे। अब सरकार के सामने इन चुनावी वादों को पूरा करने की बड़ी चुनौती होगी। महायुति सरकार के पहले बजट पर पूरे राज्य की नजरें टिकी हुई हैं।

### टैक्स से राजस्व बढ़ाने के लिए समिति गठित

लोकलुभावन योजनाओं के कारण बढ़ते कर्ज के बोझ को कम करने के लिए राज्य सरकार अब राजस्व संग्रह बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इस उद्देश्य से प्रदेश के वित्त राज्य मंत्री आशीष जयस्वाल की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। गुरुवार को राज्य के वित्त विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी किया। समिति राज्य सरकार को टैक्स और गैर-टैक्स राजस्व के स्रोतों का अध्ययन करने और राजस्व बढ़ाने के उपाय सुझाने का कार्य करेगी। यह समिति लाभार्थियों तक सीधे पहुंचने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं का मूल्यांकन करने के साथ-साथ पुरानी योजनाओं का भी अध्ययन करेगी। समिति में मित्र संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रवीण परदेशी और वित्त विभाग के अन्य अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं।

### नागरिकों को मोबाइल पर मिलेंगी सरकारी सेवाएं

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागरिकों को अधिक से अधिक सरकारी सेवाएं मोबाइल के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एक ऑनलाइन प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य के विभिन्न विभागों की 969 सेवाएं अधिसूचित हैं, जिनमें से 536 सेवाएं आपले सरकार पोर्टल पर और 90 सेवाएं संबंधित विभागों के पोर्टल पर उपलब्ध हैं। हालांकि, अभी 343 सेवाएं ऑफलाइन पद्धति से प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि इन सभी सेवाओं को आपले सरकार पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाए।


## समृद्धि एक्सप्रेसवे का इगतपुरी से ठाणे का भाग जल्द खुलेगा

गुड न्यूज़

दीपक पवार | मुंबई

मुंबई और नागपुर को जोड़ने वाले समृद्धि एक्सप्रेसवे के अंतिम हिस्से का काम जल्द पूरा होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (MSRDC) के अधिकारियों से इस प्रोजेक्ट की प्रगति का अपडेट लिया है। उन्होंने एक्सप्रेसवे के इगतपुरी से ठाणे खंड को शीघ्र यातायात के लिए खोलने का निर्देश दिया है। समृद्धि एक्सप्रेसवे सीएम फडणवीस का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसकी शुरुआत उनके 2014 के मुख्यमंत्री कार्यकाल में हुई थी।

### मुख्यमंत्री फडणवीस ने MSRDC से लिया अपडेट



### क्या है इस हिस्से का अपडेट?

एमएसआरडीसी के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार गायकवाड़ ने सीएम को बताया कि इगतपुरी से ठाणे खंड में पांच सुरंगें हैं, जिनमें राज्य की सबसे लंबी 7.78 किलोमीटर सुरंग भी शामिल है उन्होंने कहा कि इस खंड पर काम लगभग पूरा हो चुका है और हम इसे कुछ महीनों के भीतर यातायात के लिए खोल सकेंगे। गायकवाड़ ने बताया कि नागपुर और गढ़चिरौली के बीच 156 किलोमीटर के खंड के फाइनेंशियल बिडिंग को पूरा कर लिया गया है। आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद हम नागपुर से गढ़चिरौली खंड पर काम शुरू करेंगे।

### 701 किमी लंबा है यह एक्सप्रेसवे

समृद्धि एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 701 किलोमीटर है। छह लेन के इस हाईवे का 582 किलोमीटर हिस्सा शुरू हो चुका है। इसमें नागपुर से नसिक के भारवीर तक का बड़ा हिस्सा शामिल है। छह लेन के इस हाईवे की कुल लागत 55,000 करोड़ है। इसे नागपुर-मुंबई सुपर कम्युनिकेशन एक्सप्रेसवे के तौर पर भी जाना जाता है। समृद्धि महामार्ग का पहला हिस्से का शुभारंभ 11 दिसंबर 2022 को पीएम मोदी ने किया था। यह हिस्सा नागपुर से शिरडी तक था। दूसरे फेज का शुभारंभ मई 2023 में हुआ था। इस निर्माण 16 पैकेज में प्रस्तावित किया गया था।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



कभी भी हो सकता हादसा

# जान जोखिम में डालकर लोग कर रहे रेलवे ट्रैक पार

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

भारतीय रेलवे, जो दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, प्रतिदिन लाखों यात्रियों को सेवाएं प्रदान करता है। लेकिन रेलवे सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा एक गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। खासकर, कल्याण जैसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों पर यात्री ओवर ब्रिज का उपयोग करने के बजाय ट्रेन की पटरी पार करने का जोखिम उठा रहे हैं।



### पटरी पर जान जोखिम में डालने का दृश्य

कल्याण स्टेशन पर यात्रियों द्वारा लगातार रेल नियमों की अनदेखी की जा रही है। गुरुवार सुबह 10 बजे का दृश्य यह था कि स्टेशन पर ट्रेन आते ही सैकड़ों यात्री ओवर ब्रिज का उपयोग करने के बजाय पटरी पर खड़े होकर ट्रेन को पकड़ने का प्रयास कर रहे थे। प्लेटफार्मों के बीच लोग पटरियों को क्रॉस करते हुए दिखाई दिए, जो रेलवे प्रणाली की सुरक्षा के लिए खतरनाक है। कई बार तो ट्रेन के आने के दौरान लोग पटरी के ऊपर से आ-जा रहे होते हैं। इसके बावजूद रेलवे सुरक्षा बल द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म पर पहुंची, कई यात्री ट्रेन के दूसरे दरवाजे से ट्रेन पकड़ने के लिए पटरियों पर उतर गए। इस दौरान रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी भी प्लेटफार्म पर मौजूद नहीं थे, जिससे कोई बड़ी दुर्घटना न हो सकी। प्रशासन केवल दुर्घटना के बाद जागता है, जिससे यात्री लापरवाह हो जाते हैं और उनकी सुरक्षा का खतरा बढ़ता है।

### यात्री और सुरक्षा बल की लापरवाही

यात्री पटरियों को पार करते समय यह भी नहीं देख रहे कि ट्रेन आ रही है या नहीं। कई बार इस लापरवाही के कारण बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन फिर भी इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। रेलवे के जवान और कर्मचारी भी इन लापरवाह यात्रियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जिससे लोगों का हौसला और बढ़ रहा है।

### सुरक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता

रेलवे सुरक्षा बल को अधिक सक्रिय और जागरूक होना चाहिए। उन्हें प्लेटफार्मों पर नियमित रूप से उपस्थित रहना चाहिए और यात्रियों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित पक्षों को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

# 6 साल बाद फिल्म निर्देशक बरी

## ठाणे की अदालत ने साक्ष्यों में विसंगतियों का दिया हवाला

### हत्या के प्रयास से जुड़ा है मामला

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

6 साल का समय काफी लंबा होता है। 6 सालों में क्या कुछ बदल जाता है। इन्हीं 6 सालों के अंतराल के बाद हत्या के प्रयास के एक आरोपी को बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों में विसंगतियों के कारण हत्या के प्रयास के आरोपो से मुक्त कर दिया गया। ठाणे की एक अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा दिए गए साक्ष्यों में विसंगतियां पाई गई। जिसके बाद 2018 के हत्या के प्रयास के एक मामले में 48 वर्षीय फिल्म कला निर्देशक को बरी कर दिया है। सत्र न्यायाधीश अमित एम. शेटे ने 9 जनवरी को फैसला सुनाते हुए सुशांत निरंजन पांडा को बरी कर दिया।

### स्टील कटर से किया था हमला



पांडा पर आरोप था कि उन्होंने एक जुलाई 2018 को शिकायतकर्ता अरविंद रामरतन सिंह पर स्टील कटर से हमला किया था, जिससे उनकी गर्दन में चोट आई थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। जिले में मीरा रोड पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के अनुसार, सिंह और पांडा के बीच देर रात पांडा और सिंह की बेटी के बीच तनावपूर्ण संबंधों को लेकर झगड़ा हुआ था। प्राथमिकी में कहा गया कि शिकायतकर्ता की बेटी आरोपी के साथ 'लिव-इन रिलेशनशिप' में रह रही थी। मुकदमे के दौरान अदालत ने गवाहों के बयानों में विरोधाभास पाया, विशेष रूप से शिकायतकर्ता की बेटी के बयान में, जिसके अनुसार झगड़ा आवासीय सोसायती के 'कॉमन एरिया' में हुआ था, न कि सिंह के फ्लैट के अंदर। अदालत ने सोसायटी के चौकीदार और शिकायतकर्ता के भाई जैसे महत्वपूर्ण गवाहों से पूछताछ न करने के लिए अभियोजन पक्ष की भी आलोचना की। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे अभियुक्त का अपराध सिद्ध करने में असफल रहा।

## खबर संक्षेप

### 'BJP में शामिल 8 कांग्रेस विधायक अयोग्य नहीं'



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को गोवा विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें उन्होंने 2022 में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल होने वाले कांग्रेस के 8 विधायकों को अयोग्य ठहराने से इनकार कर दिया था। इन कांग्रेस विधायकों ने सितंबर 2022 में भाजपा का दामन थाम लिया था, जिसके बाद कांग्रेस ने उनके इस्तीफे और अयोग्य घोषित करने की मांग की थी। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष ने इन विधायकों को अयोग्य ठहराने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति मकरंद कार्णिक और न्यायमूर्ति निवेदिता मेहता की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष के इस फैसले को सही ठहराया, जिससे इन विधायकों की सदस्यता बरकरार रहेगी। इन आठ कांग्रेस विधायकों के पाला बदलने के बाद 40 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा विधायकों की संख्या 28 हो गई थी। गोवा प्रदेश कांग्रेस समिति के पूर्व अध्यक्ष गिरीश चोडणकर ने संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत माइकल लोबो, दिगंबर कामत, एलेक्सो सेक्वेरा, संकल्प अमोनकर, डेलिलाह लोबो, केदार नाइक, राजेश फलदेसाई और रोडोल्फो फर्नांडीस को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। यह मामला इस बात को लेकर था कि क्या इन विधायकों का दलबदल लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत उचित था या नहीं।

### नए होम्योपैथी कॉलेज के लिए जमीन मंजूर


**मुंबई।** राज्य मंत्रिमंडल ने कोल्हापुर जिले के कागल तहसील में सांगाव के बजाय पिंपलगांव में नया सरकारी होम्योपैथी महाविद्यालय बनाने के लिए मुफ्त जमीन आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

# फेसबुक पर दोस्ती और फिर लॉज में दुष्कर्म

### महिला का यौन शोषण, आरोपी फरार

सुरेश चौहान | उल्हासनगर

सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के साथ ऑनलाइन दोस्ती के खतरनाक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला उल्हासनगर के विट्ठलवाड़ी पुलिस क्षेत्र में सामने आया, जहां एक 27 वर्षीय महिला ने फेसबुक पर दोस्ती के बाद बलात्कार, शोषण और अमानवीय यातना का आरोप लगाया है।



### शिकायत का विवरण

पीड़िता ने बताया कि 2021 में आरोपी सुनील हीरानंदानी से फेसबुक पर दोस्ती हुई। आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर एक लॉज में ले जाकर बलात्कार किया और आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता को कई बार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। बाद में, आरोपी ने पीड़िता से शादी करने के लिए मजबूर किया और अपनी मां के साथ उसे मध्य प्रदेश के ग्वालियर ले गया। वहां, पीड़िता के बाल काट दिए गए और उसे घर में बंधक बनाकर रखा गया। आरोप है कि आरोपी और उसकी मां ने पीड़िता को सिगरेट से जलाया और गर्म तवे से मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

### पुलिस की कार्रवाई

महिला की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने सुनील हीरानंदानी (38), उसकी मां और परिवार के पांच अन्य सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ बलात्कार, शोषण, ब्लैकमेलिंग और अन्य गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है। हालांकि, अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले की जांच पी.आई. गौड़ कर रहे हैं।

### धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग

पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपियों ने उसके आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक को जब्त कर लिया और कर्ज लेने के लिए उनका दुरुपयोग किया। आरोपियों ने पीड़िता के पिता से पैसे की मांग की और धमकी दी कि यदि पैसे नहीं मिले, तो उसका आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर देंगे।

# केडीएमसी ने अभय योजना की अवधि बढ़ाई

सुरेश चौहान | कल्याण



कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) ने थकीत कर वसूली में सहूलियत प्रदान करने के लिए लागू की गई अभय योजना 2024-25 की अवधि बढ़ाकर 31 जनवरी 2025 कर दी है। इस योजना के तहत, करदाताओं को अपनी लंबित देनदारी और चालू वर्ष के संपत्ति कर एवं पानी के बिल का पूरा भुगतान करने पर 100% शास्ती (दंड/ब्याज) माफी का लाभ मिलेगा।

### योजना की समयावधि और लाभ

योजना की मौजूदा अवधि 14 दिसंबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक थी, जिसे अब एक और महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। करदाताओं को लंबित और चालू वर्ष की कर राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। योजना के तहत अब तक 26,662 करदाताओं ने हिस्सा लिया है, जिससे 190.77 करोड़ की वसूली हुई। कुल 452.80 करोड़ की राशि महानगरपालिका को प्राप्त हुई है।

### प्रशासन की अपील

महानगरपालिका ने सभी संपत्ति करदाताओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और 31 जनवरी 2025 तक अपने संपत्ति कर और पानी के बिलों का निपटारा कर 100% शास्ती माफी का लाभ उठाएं।

### योजना का उद्देश्य

यह योजना न केवल करदाताओं को राहत देने के लिए है, बल्कि महानगरपालिका के विकास कार्यों में सहयोग सुनिश्चित करने के लिए भी लागू की गई है। प्रशासन ने करदाताओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी से सहयोग की अपेक्षा की है।

# सिंगर बार पर पुलिस का छापा, 22 लोग गिरफ्तार



डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी के कोनगांव पुलिस ने मंगलवार रात कल्याण-भिवंडी रोड स्थित सिंगर बार एंड रेस्टोरेंट पर छापा मारकर बार चालक, मैनेजर, वेटर और 19 बारबालाओं सहित कुल 22 लोगों को गिरफ्तार किया।

### पुलिस कार्रवाई का विवरण

पुलिस ने बताया कि सिंगर बार एंड रेस्टोरेंट ने लाइसेंस के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए बार में अश्लील गतिविधियों को बढ़ावा दिया था। मंगलवार रात करीब 11:50 बजे पुलिस ने छापा मारा और पाया कि कई बारबालाएं ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कम कपड़ों में अश्लील डांस कर रही थीं। इस कार्रवाई में बार चालक वीरेंद्र भुजंग शेट्टी, हरिप्रसाद नंदप्पा शेट्टी, बार मैनेजर महेश वासुदेव शेट्टी और 19 बारबालाओं व वेटरों को गिरफ्तार किया गया। कोनगांव पुलिस ने इनके खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 223, 3(5) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कलम 35(3) के तहत मामला दर्ज किया। बाद में इन्हें नोटिस देकर छोड़ दिया गया।

### बार चालकों में हड़कंप

कोनगांव पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य बार मालिकों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन करने वाले बार पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कल्याण, डोंबिवली रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोर गिरफ्तार

सुशील सिंह | कल्याण

कल्याण और डोंबिवली रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को रेलवे अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी का नाम प्रताप राजेंद्र डोके (34) है, जिसने बीते कुछ महीनों में छह यात्रियों के मोबाइल चुराए थे।

### चार मोबाइल बरामद

आरोपी ने कुल छह मोबाइल चोरी करने की बात स्वीकार की, जिनमें से चार मोबाइल पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रकाश चौगुले और उनकी टीम ने अहम भूमिका निभाई।

### चोरी की घटनाओं से यात्रियों में भय



सुबह और शाम के व्यस्त समय में प्लेटफार्म पर मोबाइल चोरी की घटनाओं ने यात्रियों को असुरक्षित महसूस कराया। यात्री जब लोकल ट्रेन पकड़ने की जल्दी में या मोबाइल पर बात करते हुए प्लेटफार्म पर होते थे, तब चोर इनका फायदा उठाते थे।

### रेलवे पुलिस की सक्रियता

बढ़ती घटनाओं को देखते हुए रेलवे पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र शिसवे ने टीम को सतर्क रहने और चोरों की धरपकड़ के निर्देश दिए। गश्त के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को प्लेटफार्म पर घूमते देखा और उसे रोका। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रताप डोके बताया और चोरी की बात कबूल की। कल्याण रेलवे पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे प्लेटफार्म पर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस की इस कार्रवाई से यात्रियों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

# आठ वर्षीय बालिका पर यौन उत्पीड़न का मामला, आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

डोंबिवली में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक निजी ट्यूशन संचालिका के भाई ने एक आठ वर्षीय लड़की के साथ यौन उत्पीड़न किया। घटना के बाद पीड़ित लड़की की माँ ने मानपाड़ा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने बाल यौन उत्पीड़न कानून के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे कल्याण जिला न्यायालय ने दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।



### दो दिन की पुलिस हिरासत में आरोपी

पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए वैभव को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया। उसे गुरुवार को कल्याण न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ न्यायालय ने उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। इस मामले की जांच सहायक पुलिस आयुक्त सुहास हेमाडे और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कादबाने के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक राम चोपड़े और पुलिस उपनिरीक्षक प्रियंका सादळकर कर रहे हैं।

### पूरा मामला

गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम वैभव जितेंद्र सिंह(19) है। पीड़ित लड़की अपने परिवार के साथ रहती है और वह हमेशा की तरह अपने घर के पास स्थित ट्यूशन संचालिका के घर गई थी। बुधवार को जब बालिका ट्यूशन के लिए गई, तो वहाँ संचालिका मौजूद नहीं थीं, क्योंकि वे बाहर गई हुई थीं। इस दौरान वैभव घर पर था। अकेले पाकर वैभव ने लडकी का हाथ पकड़कर उसे शयनकक्ष में ले जाकर उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। लडकी ने इसका विरोध किया, लेकिन वैभव ने उसकी बात नहीं मानी। इस घटना से लड़की भयभीत हो गई और वैभव ने उसे धमकी दी कि वह इस बारे में किसी को न बताए। लडकी ने अपनी माँ को ट्यूशन में हुई घटना के बारे में बताया, जिसे सुनकर माता-पिता दंग रह गए। उन्होंने तुरंत मानपाड़ा पुलिस थाने में वैभव सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# अवैध देशी कट्टे और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

### अंबरनाथ पुलिस की सख्त कार्रवाई

सुरेश चौहान | उल्हासनगर

अंबरनाथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को अवैध देशी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से अवैध हथियार रखने वालों के बीच पुलिस के सख्त रवैये से हड़कंप मच गया है।



### गुप्त सूचना पर कार्रवाई

पुलिस को गुप्त मुखबिर से सूचना मिली कि डीएमसी कॉर्नर के पास एक युवक अवैध असलहा लेकर आ रहा है। इस जानकारी के आधार पर सहायक पुलिस निरीक्षक विजय काजरी और पुलिस कांस्टेबल संजय चव्हाण के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर जाल बिछाया और कुछ समय बाद एक संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया।

### गिरफ्तार युवक की पहचान

गिरफ्तार युवक की पहचान 19 वर्षीय प्रथमेश उर्फ लकी सुधाकर लोंढे (निवासी भीमनगर, कंसाई रोड, अंबरनाथ पूर्व) के रूप में हुई। गवाहों के सामने उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से गांव में बनी स्टील की देशी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

### कानूनी कार्रवाई

इस मामले में अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 3, 25 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37(1), 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को पुलिस हिरासत में रखा गया है और आगे की जांच जारी है।

# बीजेपी विधायक कुमार आयलानी के पुत्र धीरज आयलानी का निधन

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर



उल्हासनगर के विधायक कुमार आयलानी के पुत्र धीरज आयलानी का गुरुवार शाम लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। धीरज आयलानी अपने पीछे दो मासूम बेटियों के साथ परिवार में पिता कुमार आयलानी, माँ मीणा आयलानी, पत्नी और एक बहन को छोड़ गए हैं। उनकी असमय मृत्यु से शहर में शोक की लहर फैल गई है। परिवार और करीबी लोग इस दुखद घटना से गहरे सदमे में हैं।

### आज होगा अंतिम संस्कार

धीरज आयलानी की अंतिम यात्रा 17 जनवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे उनके निवास स्थान, लक्ष्मी पैलेस, ड्रीम गार्डन, उल्हासनगर - 421003 से निकाली जाएगी। शहर के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोग और उनके करीबी अंतिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### शहर में शोक

धीरज आयलानी के निधन ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे उल्हासनगर में शोक की लहर पैदा कर दी है। उनकी यादों और परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए कई नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और शहरवासी सामने आए हैं।

# बॉम्बे हाई कोर्ट से पत्नी की हत्या के दोषी को नहीं मिली राहत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने पत्नी की हत्या के दोषी पति को राहत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने पुणे सेशन कोर्ट द्वारा दोषी को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा। कोर्ट ने पाया कि अभियोजन पक्ष ने आरोपी के खिलाफ जो सबूत पेश किए, वे पर्याप्त और संदेह से परे थे। घटना 12 दिसंबर 2012 की है, जब पुणे निवासी भाऊ शामराव जोगदंड ने अपने घर में पत्नी नंदाबाई की हत्या कर दी। मृतक घर में नौकरानी का काम करती थी और आरोपी शराब पीने का आदी था। झगड़ा तब शुरू हुआ, जब पत्नी ने शराब के लिए पैसे देने से इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपी ने गैस सिलेंडर



से पत्नी के सिर पर हमला किया, जिससे उसका सिर फट गया। इतना ही नहीं, आरोपी ने उस पर डंबल से हमला करने की भी कोशिश की। अदालत में मुख्य गवाह आरोपी का पड़ोसी था, जिसने उस रात करीब 8 बजे दोनों के बीच झगड़ा होते देखा था। घटना के बाद मौके पर पहुंचे पड़ोसी ने आरोपी को डंबल पकड़े हुए देखा। गवाहों के बयान एक-दूसरे से सुसंगत थे और आरोपी के अपराध की ओर स्पष्ट संकेत करते थे। न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और न्यायमूर्ति एस.एम. मोडक की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के वकील द्वारा हत्या को ₹छोटा अपराध₹ साबित करने की दलील में कोई दम नहीं है। यह मामला भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 300 के तहत आता है। अदालत ने फोटोग्राफ और साक्ष्यों के आधार पर पाया कि गैस सिलेंडर पास में खून से सना हुआ था और डंबल की पहचान भी न्यायालय में की गई। घटना के समय घर में मौजूद बेटे ने आरोपी को मां पर और हमला करने से रोका। हालांकि, सिर पर हुए घातक हमले की वजह से नंदाबाई बेहोश हो गईं और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। सभी साक्ष्यों और गवाहों के बयानों को ध्यान में रखते हुए हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता की अपील को खारिज कर दिया और उसे राहत देने से इंकार कर दिया।

# बॉम्बे हाईकोर्ट की नई बिल्डिंग के लिए सौंप दी जाएगी 5.25 एकड़ जमीन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र सरकार ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि वह मुंबई के बांद्रा इलाके में बम्बई उच्च न्यायालय के नए भवन परिसर के निर्माण के लिए अगले हिस्से के रूप में 5.25 एकड़ जमीन 31 जनवरी तक सौंप देगी।

### पहला हिस्सा पहले ही सौंपा गया

राज्य सरकार के अनुसार, पहले हिस्से में 4 .39 एकड़ जमीन अक्टूबर 2024 में उच्च न्यायालय को सौंप दी गई थी, और दूसरे हिस्से की 5 .25 एकड़ भूमि का कब्जा पहले 31 दिसंबर तक सौंपा जाना था, जिसे अब बढ़ाकर 31 जनवरी किया गया है।

### अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूरी

महाराष्ट्र के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने उच्चतम न्यायालय की पीठ को सूचित किया कि जमीन का कब्जा सौंपने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं और अतिक्रमण को हटा दिया गया है।

### परियोजना की समीक्षा बैठक और अगले कदम

सरकार ने परियोजना प्रबंधन सलाहकार की नियुक्ति के लिए भी कदम उठाए हैं और बम्बई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा करने के लिए बैठक बुलाई है।

### पीठ ने राज्य सरकार की सराहना की

उच्चतम न्यायालय की पीठ ने राज्य सरकार की सक्रिय भूमिका की सराहना की और कहा कि भूमि सौंपने की प्रगति को चरणबद्ध तरीके से रिकॉर्ड किया गया है। पीठ ने यह भी उल्लेख किया कि भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह 23 सितंबर 2024 को किया गया था।

### भवन निर्माण के लिए भूमि सौंपने का कुल लक्ष्य

राज्य सरकार ने पहले ही कहा था कि कुल 30 .16 एकड़ भूमि का कब्जा चरणबद्ध तरीके से उच्च न्यायालय को सौंपा जाएगा।

# 'महाराष्ट्र में जल्द होगा इनोवेशन सिटी का निर्माण'

## स्टार्ट-अप डे पर बोले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारत सरकार ने 16 जनवरी 2021 को नेशनल स्टार्टअप डे घोषित किया था। इसके बाद से ही हर साल 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के रूप में मनाया जाता है।भारतीय स्टार्टअप के इको सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा इस दिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी के तहत मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को नेशनल स्टार्टअप डे पर देश भर के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप में महाराष्ट्र नंबर एक पर है, जल्द ही इनोवेशन सिटी का निर्माण किया जाएगा।



### स्टार्टअप नीति का एक नया मसौदा

सीएम फडणवीस ने कहा कि समय की आवश्यकता को देखते हुए, स्टार्टअप नीति का एक नया मसौदा तैयार किया गया है, जिसे उद्यमियों के सुझाव के साथ जल्द लागू किया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक यानी सिडबी ने स्टार्ट-अप के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। प्रत्येक क्षेत्रीय विभाग को 30 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री जियो वर्ल्ड सेंटर में कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग के तहत राज्य नवाचार सोसायटी द्वारा आयोजित 'एम्पावरिंग इनोवेशन, एलिवेटिंग महाराष्ट्र' विषय पर आधारित 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### दिग्गज हस्तियां रही उपस्थित

इस अवसर पर कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, कौशल विकास और उद्यमिता विभाग के सचिव गणेश पाटिल, आयुक्त प्रदीप कुमार डांगे, व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण निदेशालय के निदेशक सतीश सूर्यवंशी, मेरिको लिमिटेड के अध्यक्ष हर्ष मारीवाला, अपग्रेड और स्वदेस फाउंडेशन के सह-संस्थापक रोनी स्क्रूवाला, नायका की संस्थापक और सीईओ फाल्गुनी नायर, स्ट्राइड वेंचर्स और स्ट्राइडवन के संस्थापक इशप्रीत सिंह गांधी, आईआईटी के पूर्व छात्र कल्याण चक्रवर्ती, गो इंडिया की प्रबंध निदेशक इप्सिता दासगुप्ता उपस्थित थे।

### 1000 स्टार्ट-अप्स उपस्थित

महाराष्ट्र सहित देश भर से प्रौद्योगिकी, कृषि, सेवा क्षेत्र, फार्मास्यूटिकल्स और पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों के 1000 से अधिक स्टार्ट-अप्स ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि, "नए उद्यमियों और महिला उद्यमियों के नवाचार को सक्षम बनाकर महाराष्ट्र का विकास किया जाएगा। जब देश में स्टार्ट-अप शुरू हुए थे, तब 471 स्टार्ट-अप थे, आज देश में एक लाख 57 हजार स्टार्ट-अप हैं।

### राज्य में 26000 स्टार्ट-अप

राज्य में 26000 स्टार्ट-अप हैं। हम एक अभियान चला रहे हैं जिसमें महिलाएं स्टार्ट-अप में सभी पदों पर होंगी। महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है जहाँ सबसे अधिक महिला निदेशक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र स्टार्ट-अप में शीर्ष सात राज्यों में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमी, दूरदर्शी निवेशक, नीति निर्माता, इनक्यूबेटर, विश्वविद्यालय उद्योग में बदलाव के अग्रदूत हैं। मुंबई वित्तपोषण में सबसे आगे है, जबकि पुणे प्रौद्योगिकी और नवाचार का केंद्र है। हमारे टियर-2 और टियर-3 शहर महाराष्ट्र के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं।

# 'कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के टिकट बिक्री में गड़बड़ी चिंताजनक'

## बॉम्बे HC ने कहा- सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए

**मुंबई।** इंटरनेशनल बैंड कोल्डप्ले (Coldplay) का तीन दिवसीय लाइव कॉन्सर्ट 18 जनवरी से नवी मुंबई में आयोजित होने जा रहा है। वहीं, कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के टिकट बिक्री में गड़बड़ी की बात भी सामने आई। जिसे लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका भी दायर की गई थी। वहीं, हाईकोर्ट ने कहा है कि म्यूजिक फेस्टिवल के टिकटों की बिक्री में अनियमितता को लेकर चिंता जताने वाली याचिका अहम है। इस मामले में महाराष्ट्र सरकार को उचित कार्रवाई करनी चाहिए। कोल्डप्ले का लाइव कॉन्सर्ट 'म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर' के तहत 18 जनवरी से नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में होने जा रहा है। तीन दिवसीय इस म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन 18, 19 और 21 जनवरी को किया जाएगा। इसका क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। लेकिन टिकटों के लिए मारामारी मची हुई है।

### 'कालाबाजारी के आरोपों का समाधान होना चाहिए'




लाइव कॉन्सर्ट के टिकट बिक्री में अनियमितता को लेकर वकील अमित व्यास ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। वहीं, हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जज अमित बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि याचिका वास्तव में प्रमुख आयोजनों के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री को विनियमित करने और निगरानी करने के महत्व को उजागर करती है। विशेष रूप से, कालाबाजारी, धोखाधड़ी और राजस्व हानि के आरोपों का समाधान किया जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा, 'हालांकि, किसी भी विधायी या नीतिगत पहल को संवैधानिक और वैधानिक योजना के तहत सक्षम अधिकारियों द्वारा शुरू किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि उपयुक्त विधायिका या कार्यपालिका को ऑनलाइन टिकट बिक्री के मुद्दों के समाधान के लिए प्रभावी कानून, नियम और विनियमन बनाने या संशोधित करने का अधिकार है।

# ट्रक की टक्कर से कैब में लगी आग

## झुलसा ड्राइवर, जगह पर हुई मौत

**मुंबई।** मुंबई में गुरुवार की सुबह एक सड़क दुर्घटना की खबर सामने आ रही है, जहां तड़के एक कंक्रीट मिक्सर ट्रक ने एक कैब को टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि जिसके बाद कैब में आग लग गई और आग में झुलसने से कैब चालक की मौत हो गई। एक अधिकारी ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना पश्चिमी उपनगर में दहिसर नाका के पास देर रात दो बज कर 15 मिनट पर हुई। उन्होंने बताया कि कांदिवली की ओर जा रही कैब में चालक और उसके साथ एक यात्री सवार था।

### ट्रक का फटा टायर



अधिकारी ने बताया कि दहिसर से तेज गति से एक मिक्सर ट्रक कांदिवली जा रहा था। तभी मिक्सर ट्रक टायर फट गया और ट्रक सड़क के डिवाइडर से जाकर टकरा गया। उन्होंने बताया कि इस टक्कर के बाद ट्रक चालक का वाहन पर से नियंत्रण छूट गया और वाहन डिवाइडर से पार करते हुए दूसरी ओर से आ रही कैब से जा टकराया। अधिकारी ने बताया कि टक्कर के बाद कैब में चिंगारी निकली, और आग लग गई जिससे वाहन पूरी तरह से जल गया।

**मध्य रेल**

**ई-टेंडर नोटीस नं. DRM-W-PA-E-Tend-2024-CO-32 to 33**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पुणे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **1. सीओ-32** पुणे-मिरज-वेसाइड गेज फेस लुब्रिकेटर्स उपलब्ध कराना और बिछाना (पुनः आमंत्रित), **विज्ञापित मूल्य:** रु. 14,67,23,400.00; **निविदा दस्तावेज लागत:** रु.5,000.00 ; **बयाना राशि:** रु.8,83,600.00 ; **पूर्णता अवधि:** 60 महीने। 2. **सीओ-33:** पुणे डिवीजन में दौंड-मनमाड सेक्शन के बीच तीखे मोड़ पर इलेक्ट्रॉनिक-टाइप गेज फेस रेल लुब्रिकेटर की स्थापना, कमीशनिंग और संचालन (5 वर्षों के लिए) प्रदान करना (कुल 118 संख्या) (पुनः आमंत्रित)।, **विज्ञापित मूल्य:** रु. 15,86,40,726.26, **निविदा दस्तावेज लागत:** रु. 5,000.00 ; **बयाना राशि:** रु.9,43,200.00; **समापन अवधि:** 60 महीने। **उपरोक्त ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** 07.02.2025 को 15.15 बजे तक। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है PA-34

# भगवान श्रीराम के मूर्ति स्थापना के प्रथम वर्षगांठ पर बेलीफ फाउंडेशन निकालेगी शोभायात्रा

**मुंबई।** अयोध्या राम मंदिर के प्रथम पादुका पूजन की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बेलीफ़ फाउंडेशन द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 22 जनवरी, बुधवार को मुंबई के अंधेरी पूर्व रामलीला मैदान, पाइपलाइन से शुरू होकर लक्ष्मी नारायण मंदिर, जे.बी. नगर ईस्ट तक जाएगी। फाउंडेशन के संस्थापक जय नारायण तिवारी ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ दोपहर 3 बजे होगा। इस शोभायात्रा में फाउंडेशन के अध्यक्ष दीपक जायसवाल सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व और बड़ी संख्या में भगवान श्रीराम के भक्त उपस्थित होंगे।

### मूर्ति स्थापना की पहली वर्षगांठ




तिवारी ने बताया कि पिछले साल 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों अयोध्या में भगवान राम की भव्य मूर्ति की स्थापना की गई थी। इस दिन को लेकर 22 जनवरी 2025 को एक साल पूरा हो रहा है, और इस अवसर पर बेलीफ फाउंडेशन ने भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया है।फाउंडेशन ने रामभक्तों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर इस ऐतिहासिक अवसर को साझा करें।

**मध्य रेल**

**पुराने कागजातों का निपटान**

भारत के राष्ट्रपति, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक) सीएसएमटी के माध्यम से मुंबई मंडल (मध्य रेलवे) पर वाणिज्यिक विभाग की विभिन्न इकाइयों के पुराने रिकॉर्ड के निपटान के लिए प्रतिष्ठित अनुभवी फर्मों / रद्दी कागजों और स्क्रैप के डीलरी से तीन महीने की अवधि के लिए कोटेशन आमंत्रित करते हैं। ''जैसा है जहां है आधार'' **कार्य का दायरा और अनुमानित लागत:** सफल फर्म/डीलर को तारीख से तीन महीने की अवधि के लिए नियमित आधार पर मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन के प्रत्येक स्टेशन से उनके द्वारा उद्धृत दर पर राशि का भुगतान करके पुराने / बेकार कागजात / कंप्यूटर कागजात और रिकॉर्ड एकत्र करना होगा स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से । **विवरण:** कंप्यूटर कागजात पुराने रिकार्ड / पुराने रिकार्ड / रद्दी कागज मिश्रण **अनुमानित कीमत प्रति किग्रा:** 27.90 Rs. **बोलीदाताओं को अपनी दरें अंकों और शब्दों में उद्धृत करनी होंगी।** कोटेशन वाले सीलबंद लिफाफे वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई को संबोधित किए जाने चाहिए और 21.01.2025 को 15:00 बजे से पहले निम्नलिखित पते पर जमा किए जाने चाहिए और इसे 21.01.2025 को 15:30 बजे खोला बाएगा।

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है 700

**PUBLIC NOTICE**

The notice is given hereby Public at large in respect of sale of flat property that flat no. 202, Aditya Sheldon Co Operative Housing Society Limited, Share Certificate no. 10, situated at Ambe Mata Cross Road, Station Road, Bhyander (West), Thane-401101 was jointly purchased & owned by Shri Navinchandra M. Shah & Smt. Shobhna Navinchandra Shah & Mr. Nimesh N. Shah by a registered Sale Agreement dated 20/10/2005 from M/s. Aditya Associate. But after the death of Late Smt. Shobha Navinchandra Shah on 27/11/2015, and Late Shri Navinchandra M. Shah on 19.12.2024, the entire share of both as such has been devolve amongst & in favour of their legal heirs i.e. (1) Mr. Nimesh Navinchandra Shah (Son), (2) Mrs. Nimisha Jatin Shah (daughter ) and (3) Mrs. Alpa Mitesh Shah (daughter) and whereas the said two daughters had waived their respective share, interest, title & right by way of executing an affidavit on 1/02/2018, and had completely transferred the entire rights & share in favour of the brother Mr. Nimesh N. Shah, and therefore Mr. Nimesh Navinchandra Shah possesses the entire share and title in the said flat property of the deceased and becomes the sole owner with a hundred percent share holder. In case of any Objection related to claim in the said flat property, the claimant may approach directly to the society Office of the building or Advocate Office Address Shop no C/44, Shanti Shopping Centre, Mira Road (East), Thane -401107 within 14 days from the date of issue of this notice.

Sd/-
**MM Law Associates**
**9821216166**

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**एल.टी.एम. जी. अस्पताल, सायन, मुंबई - 400 022**

संख्याः एलटीएमजी/ईक्यू-30/टी 2024-25 16/1/25

**ई -निविदा सूचना**

यह एक ई-टेंडर नोटिस है। महानगरपालिका आयुक्त बृहन्न मुंबई (एमसीजीएम) तीन पैकेट सिस्टम में नीचे दिए गए ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं।
कार्य का नामः CCNPWT बीटा वाउंड ड्रेनेज किट (छोटा आकार) LTMG अस्पताल के सर्जरी विभाग के लिए 95 पीस

| क्र. | विवरण | ई-टेंडर मूल्य (रु.) | ईएमडी (रु.) | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की आरंभ तिथि और समय | ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CCNPWT बीटा वाउंड ड्रेनेज किट (छोटा आकार) LTMC अस्पताल के सर्जरी विभाग के लिए 95 पीस बोली संख्या 2024_ MCGM_1130671 | रु. 1320/- प्लस जीएसटी @18%% | रु. 20,000/- | 17/1/25 04.00 अपराह्न (16:00 बजे) | 27/1/25 04.00 अपराह्न (16:00 बजे) |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के बारे में अधिक जानकारी के लिए महानगरपालिका की वेबसाइट http//www.mcigm.gov.in पर जाएँ।
निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएँगे।
पीआरओ/2249/विज्ञा./2024-25

सही/-
डीन
एल.टी.एम.जी. अस्पताल, सायन

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

# मांझे से घायल 60 से अधिक पक्षियों को दिलाया जीवनदान



### वन्यजीव कल्याण समूह ने चलाया 3 दिवसीय रेस्क्यू अभियान

**मुंबई।** नायलॉन मांझे के इस तेज कतार से बचाने की कोशिश 'वन्यजीव कल्याण समूह' काफी सालों से कर रहा है। मकर संक्रांति के अवसर पर तीन दिवसीय अभियान के तहत पशु कार्यकर्ताओं ने मुंबई में पतंग के मांझे से घायल हुए 60 से अधिक पक्षियों को बचाया है। वन्यजीव कल्याण समूह के एक प्रतिनिधि ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। प्रतिनिधि ने बताया कि भारत के विभिन्न राज्यों में चीनी मांझे की बिक्री और निर्माण पर प्रतिबंध के बावजूद नायलॉन और कांच से बने मांझे का इस्तेमाल धड़ल्ले से जारी है। इतनाही नही तो लोग इसे गैर-जिम्मेदाराना तरीके से फेंक देते हैं। 'रेसक्विंक एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेलफेयर' यानी आरएडब्ल्यूडब्ल्यू के संस्थापक पवन शर्मा ने बताया कि 13 से 15 जनवरी तक आयोजित 3 दिवसीय शिविर के दौरान शहर भर में 60 से अधिक घायल पक्षियों को बचाया गया। उन्होंने बताया कि दुर्भाग्यवश कुछ पक्षी बचाए जाने से पहले ही मर गए, जबकि कुछ मांझे से लगी चोटों के कारण उपचार के लिए ले जाए जाने तक जीवित नहीं बच सके।

**MAHAGENCO**
Maharashtra State Power Generation Co. Ltd.

**E-TENDER NOTICE - 074 / 2024–25**

Following e-Tender offers are invited online from registered contractors / companies etc. are available at our website https://eprocurement.mahagenco.in.

| e-Tender No. | RFX No. | Particulars of Work / Supply | Estt. Cost Rs. (In Lakhs) |
|---|---|---|---|
| TN0616 CHP1 | 3000054075 | BIENNIAL CONTRACT FOR HIRING OF SCHOOL BUSES AT TPS, KHAPERKHEDA. | 538.16 |

Note » Tender Cost is Rs. 1,000 /- + GST.

Sd/-
Chief Engineer (O&M),
MSPGCL, TPS Khaperkheda

**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**
वैदयकिय आरोग्य विभाग

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

दि. १५/०१/२०२५

**उल्हासनगर महानगरपालिका**
**वैदयकिय आरोग्य विभाग**
जाहिर आवाहन

राज्य शासनाच्या आदेशान्वये उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या हद्दीमध्ये २१ वी पशुगणनेचे काम सुरु करावयाचे आहे. सदरचे वरील कामाकरिता पशुवैद्यकीय व्यावसायीक/पॅरावेट/पशुवैद्यकीय पदवी/पदविकाधारक आणि पशुवैद्यकीय विद्यार्थी हयांची मनपा परिक्षेत्रातील पशुगणना करण्यासाठी आवश्यकता आहे. तरी ज्या पशुवैद्यकीय व्यावसायिक / पॅरावेट / पशुवैद्यकीय पदवी/पदविका धारक आणि पशुवैद्यकीय विद्यार्थी यांना सदरचे काम करण्याची इच्छा आहे, त्यांनी उल्हासनगर महानगरपालिका, मुख्यालय, वैद्यकीय आरोग्य विभाग येथे सात दिवसांत दिनांक २१/०१/२०२५ पर्यत प्रत्यक्ष संपर्क साधावा. सदर कामाचे स्वरुप हे घर ते घर सर्व्हेक्षण करणे असून सदर कामाकरिता शासन स्तरावरुन प्रति घर भेट रु.८.१५/- या प्रमाणे मानधन देण्यात येणार आहे.

जा. क्रः उमपा/पीआरओ/35/2025
दिनांकः-16/01/2025

(डॉ. मोहिनी धर्मा)
वैद्यकिय आरोग् अधिकारी
उल्हासनगर महानगरपालिका

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**एल.टी.एम. जी. अस्पताल, सायन, मुंबई - 400 022**

संख्या.-एलटीएमजी/ईक्यू-28/1 2024-25 16/01/25

**ई -निविदा सूचना**

यह एक ई-टेंडर अधिसूचना है। बृहन्न मुंबई महानगरपालिका (एमसीजीएम) के आयुक्त तीन पैकेट सिस्टम में नीचे दिए गए ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं।
कार्य का नामः सीसीएनपीडब्ल्यूटी बीटा वाउंड ड्रेनेज किट (बड़ा आकार) एलटीएमजी अस्पताल के सर्जरी विभाग के लिए 75 पीस

| क्र. | विवरण | ई-टेंडर मूल्य (रु.) | ईएमडी (रु.) | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की आरंभ तिथि और समय | ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीसीएनपीडब्ल्यूटी बीटा वाउंड ड्रेनेज किट (बड़ा आकार) एलटीएमजी अस्पताल के सर्जरी विभाग के लिए 75 पीस बोली संख्या 2024_ MCGM_1130666 | रु. 1320/- प्लस जीएसटी @18%% | रु. 20,000/- | 17/1/25 04.00 अपराह्न (16:00 बजे) | 27/1/25 04.00 अपराह्न (16:00 बजे) |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के बारे में अधिक जानकारी के लिए नगर निगम की वेबसाइट http//www.mcgm.gov.in पर जाएँ।
निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएँगे।
पीआरओ/2250/विज्ञा./2024-25

सही/-
डीन
एल.टी.एम.जी. अस्पताल, सायन

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# नए दौर के मानकों में बदलाव

आर्थिक विषमताओं के बावजूद देश के लोगों में मोटापे की प्रवृत्ति का बढ़ना एक गंभीर स्वास्थ्य संकट की ओर इशारा करता है। इस संकट का विरोधाभासी पक्ष यह है कि अमीर संग गरीब भी मोटापे का शिकार हैं। जिसकी वजह से देश की आबादी के लिये मोटापे के मानकों को फिर से परिभाषित किया जा रहा है। इस बाबत नवीनतम दिशानिर्देश समस्या की गंभीरता को दर्शाते हैं। दरअसल, पारंपरिक बॉडी मास इंडेक्स यानी बीएमआई नये परिदृश्य में मोटापे को तार्किक रूप से परिभाषित नहीं करता। ये हमारी शरीर में बढ़ी चर्बी को नहीं दर्शाता। यह वजह है कि नये मानक पेट की चर्बी को प्राथमिकता देते हैं। दरअसल, हमारी शरीर की बढ़ी हुई चर्बी ही कालांतर मधुमेह और हृदय रोग जैसे चयापचय संबंधी विकारों को जन्म देती है। जो भारतीयों को असमान रूप से परिभाषित करता है। यही वजह है कि अब बीएमआई को माटापे नापने में अपर्याप्त माना जा रहा है। दरअसल, मोटाप नापने का परंपरागत मानक आनुवंशिक व शारीरिक संरचना के अंतर को नजरअंदाज करता है। जिसके विकल्प के रूप में अब कमर की परिधि और कमर से ऊंचाई के अनुपात को अधिक विश्वसनीय संकेतक के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। दरअसल, वर्ष 2019-21 की अवधि के दौरान किए गये राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 की रिपोर्ट के अनुसार देश में 23 फीसदी महिलाएं अधिक वजन वाली और चालीस फीसदी मोटे पेट वाली थीं। जबकि 22 फीसदी पुरुष अधिक वजन वाले और 12 प्रतिशत मोटे पेट वाले थे। विरोधाभासी रूप से गरीबों में भी इसका प्रभाव नजर आया है। दरअसल, आर्थिक विसंगतियों के बावजूद लोग कैलोरी सघन व पोषक तत्वों की कमी वाले प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के विकल्प को चुनते हैं। ऐसे में इन खाद्य पदार्थों का सेवन करने वाले अधिक वजन वाले तो हो जाते हैं मगर रहते कुपोषित ही हैं। दरअसल, तेजी से बढ़ते शहरीकरण और निष्क्रिय जीवनशैली ने भी मोटापे की समस्या को बढ़ाया है। यह संकट उन कम आय वाले समूहों में भी है, जहां स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा की कमी इससे जुड़े जोखिमों को बढ़ा देती है। निर्विवाद रूप से पोषण संबंधी खामियों और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली के कारण ही मोटापे की समस्या बढ़ रही है। खासकर शहरी क्षेत्रों में जंक फूड का बढ़ता प्रचलन इस समस्या को बढ़ा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी सामर्थ्य के अभाव में असंतुलित आहार जैसी चुनौतियों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया में बाजार के भ्रामक प्रचार के चलते युवा स्वास्थ्य की बजाय सौंदर्यशास्त्र को प्राथमिकता देते हैं। जिसके लिये वे असुरक्षित आहार या कृत्रिम सप्लीमेंट का सहारा ले रहे हैं। राष्ट्रीय मधुमेह, मोटापा और कोलेस्ट्रॉल फाउंडेशन के शोध के निष्कर्ष मोटापे के लिये दो चरणीय वर्गीकरण प्रणाली पेश करते हैं। दरअसल, सिर्फ मोटापा ही समस्या नहीं है बल्कि यह रोगों का पूरा कुनबा साथ लेकर चलता है। जिसे हम अनुशासित जीवन शैली और खानपान में सावधानी से ही टाल सकते हैं। अंततः हम अनुशासित जीवनचर्या व संतुलित आहार से अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर सकते हैं।

# जंगलों को आग से बचाने के लिए उत्तराखण्ड की तरह करें पहल



राकेश गांधी
स्वतंत्र पत्रकार

उत्तराखण्ड सरकार ने लॉस एंजेलेस के भयानक अग्निकांड से सबक लेते हुए अच्छा कदम उठाया है। जंगलों को आग से बचाने के लिए जंगल में अब यदि किसी ने माचिस की तीली भी सुलगाई तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ये कदम देश के अन्य राज्यों को भी उठाने की जरूरत है। उत्तराखण्ड के जंगलों में पांच हजार वनकर्मियों व दो हजार फायर वाचर्स वालेंटियर्स को तैनात करने की योजना बनाई है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उन्हें इसी बीस तरीख से प्रशिक्षण भी देना शुरू कर देगा। इसके अलावा अलमोड़ा, पिथौरागढ़, पौड़ी गढ़वाल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की नए सिरे से मैपिंग भी की जाएगी, ताकि भविष्य में इन क्षेत्रों के जंगलों को आग से बचाया जा सके। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी उत्तराखण्ड के जंगलों में आग ने तांडव मचाया था और हजारों हेक्टेयर जंगल खाक हो गया था। इसमें 12 वनकर्मी की जान भी चली गई थी।

इन जंगलों में आग लगने की घटना सदियों से होती रही है। यही कारण था कि अंग्रेजों ने भारत में अपने शासनकाल में सभी जंगलों में 100 फीट की फायर लाइन बनाई थी, जिनमें कोई पेड़ या झाड़ियां नहीं होती थी। अब ये लगभग खत्म हो चुकी है और कई जगह पेड़ उग आए हैं। उत्तराखण्ड में ही इन फायर लाइनों में लाखों पेड़ हैं, जिन्हें अब काटने की योजना बनाई गई है। इससे पूर्व वर्ष 1996 में भी इन फायर लाइनों को साफ करने का कार्य हुआ था। उत्तराखण्ड सरकार की तरह ही राजस्थान, मध्यप्रदेश, केरल, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के जंगलों को आग से बचाने के लिए वहां की राज्य सरकारों को भी गर्मियां आने से पहले ऐसे कदम उठाने होंगे।

आग लगने की घटनाएं समय नहीं देखती। जलवायु परिवर्तन के साथ ही थोड़ी बहुत भी मानवीय लापरवाही या गलतियां होती हैं, आग भड़क जाती है। गर्मियों में सूखे जंगलों में आग फैलने में देरी भी नहीं लगती। देश के संवेदनशील जंगलों को इन हादसों से बचाने के लिए तत्काल संबंधित सरकारों को वहां पानी की भरपूर उलब्धता के बारे में सोचना होगा और अपने वनकर्मियों को आग पर तत्काल काबू पाने के लिए प्रशिक्षित करना होगा। जब अमेरिका जैसे विकसित व समृद्ध राष्ट्र के लिए आग पर काबू पाना कठिन हो रहा है तो भारत जैसे विकासशील देश में क्या होगा, ये समझा जा सकता है।

भारत सरकार को भी सभी राज्यों को इसके लिए आगाह करते हुए तत्काल माकूल प्रबंध करने के लिए पाबंद करना चाहिए। यहां ये जानना जरूरी है कि पिछले दिनों लॉस एंजेलेस क्षेत्र में भड़की जंगल की आग ने पूरे अमेरिका में हाहाकार मचा रखा है। जलवायु परिवर्तन, मानवीय लापरवाही और प्राकृतिक कारणों के चलते अकेले अमेरिका में हर साल जंगलों में आग लगने की 45,000 से अधिक घटनाएं होती हैं और इससे वहां हजारों एकड़ जंगल तबाह हो जाते हैं। इस साल आरम्भ में लॉस एंजेलेस में लगी इस आग के कारण डेढ़ लाख से अधिक लोग बेघर हो चुके हैं और अब अस्थाई टेंट में रहने को मजबूर हैं। बीस से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि कुछ लोग अभी लापता बताए जा रहे हैं। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार ग्रीन हाउस गैसों ने धरती के पूरे सिस्टम को बदल कर रख दिया है। जलवायु परिवर्तन से न केवल जंगलों में आग भड़कती है, बल्कि सूखा पड़ने के साथ- साथ भीषण तूफान भी आते हैं। ग्लोबल वार्मिंग और ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ता उत्सर्जन पृथ्वी



के जलवायु तंत्र को अस्त-व्यस्त कर रहा है। मानवीय गतिविधियां जैसे सिगरेट पीना, कैंपफायर, और खराब रखरखाव वाली बिजली लाइनें आग के फैलने को बढ़ावा देती है।

भारत में भी ऐसे कई क्षेत्र हैं जो जंगलों से अटे हैं। वहां सघन पौधरोपण भी चलता रहता है, फिर भी जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव इन जंगलों तक पहुंचते ही हैं। न केवल उत्तराखण्ड, बल्कि हिमालयी क्षेत्र, मध्य प्रदेश में सतपुड़ा और विंध्याचल तथा राजस्थान के अरावली पर्वत श्रृंखलाओं में घने जंगल हैं। ऐसे में इन संवेदनशील क्षेत्रों में सैटेलाइट आधारित निगरानी और ड्रोन का उपयोग महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। फायर डिटेक्शन, नियंत्रण और बचाव कार्यों के लिए आधुनिक उपग्रह तकनीक के उपयोग के साथ ही फायर फाइटिंग के लिए वॉटर बमिंग हेलीकॉप्टर जैसे एयर सपोर्ट की संख्या में बढ़ोतरी करनी होगी। स्थानीय समुदाय को आग बुझाने और उसकी रोकथाम के लिए प्रशिक्षित करने के साथ ही फायर ब्रिगेड और फॉरेस्ट रेंजर्स की संख्या और उनके प्रशिक्षण को बढ़ाया जाना जरूरी है।

इसके अलावा, शहरी इलाकों में आग से बचाव के लिए ग्रीन बेल्ट और जलाशयों का निर्माण किया जाना चाहिए। रिहायशी इलाकों और जंगलों के बीच बफर जोन बनाने के साथ ही निर्माण सामग्री को आग प्रतिरोधी बनाने और आग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियानों की आवश्यकता है। समय रहते ऐसा हो पाता है तो निःसंदेह भारत के घने जंगलों को ऐसे अग्निकाण्ड से बचाया जाना संभव होगा।

जीवन मंत्र


# कपड़ों की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं, शरीर के लिए होनी चाहिए

कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है।

संत कबीर के जीवन से जुड़े कई ऐसे किस्से हैं, जिनमें जीवन को सुखी और सफल बनाने के सूत्र छिपे हैं। अगर इन सूत्रों को जीवन में उतार लिया जाए तो कई समस्याएं खत्म हो सकती हैं। जानिए कबीर दास जी से जुड़ा एक ऐसा किस्सा, जिसमें कपड़ों से जुड़ी सीख दी गई है।

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था।

अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर



से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी उल्टा कुर्ता पहना है।

दरअसल, कबीर दास जी ने कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? कबीर जी ने वहां बैठे लोगों से कहा कि ये मूल्यवान कुर्ता इन सज्जन ने ही उपहार में दिया है।

सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है?

कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

संत कबीर ने सभी को संदेश दिया कि कपड़े दिखावे के लिए नहीं पहनना चाहिए। कपड़ों की उपयोगिता हमारे शरीर के लिए है, दूसरों को दिखाने के लिए नहीं। अगर हम सिर्फ प्रदर्शन के लिए महंगे कपड़े पहनेंगे तो लोगों के बीच आपसी भेदभाव बढ़ेगा। कपड़े सिर्फ दिखावे के लिए होंगे तो कपड़े अपनी गरीमा भी खो सकते हैं। इसलिए कपड़ों के संबंध में दिखावा करने से बचना चाहिए।

शख्सियत | रांगेय राघव

# उपन्यासकार, कहानीकार, निबंधकार एवं आलोचक



रांगेय राघव का जन्म 17 जनवरी 1923 को हुआ था। हिंदी के उन विशिष्ट और बहुमुखी प्रतिभावाले रचनाकारों में से हैं जो बहुत ही कम उम्र लेकर इस संसार में आए, लेकिन जिन्होंने अल्पायु में ही एक साथ उपन्यासकार, कहानीकार, निबंधकार, आलोचक, नाटककार, कवि, इतिहासवेत्ता तथा रिपोर्ताज लेखक के रूप में स्वंय को प्रतिस्थापित कर दिया। साथ ही अपने रचनात्मक कौशल से हिंदी की महान सृजनशीलता के दर्शन करा दिए।

इनका मूल नाम तिरूमल्लै नंबाकम वीर राघव आचार्य था; लेकिन उन्होंने अपना साहित्यिक नाम 'रांगेय राघव' रखा। इनका जन्म १७ जनवरी, १९२३ श्री रंगाचार्य के घर हुआ था। इनकी माता श्रीमती कनकवल्ली और पत्नी श्रीमती सुलोचना थीं। इनका परिवार मूलरूप से तिरुपति, आंध्र प्रदेश का निवासी था। 'वैर' गाँव के सहज, सादे ग्रामीण परिवेश में उनके रचनात्मक सहित्य ने अपना आकार गढ़ना शुरू किया। जब उनकी सृजन-शक्ति अपने प्रकाशन का मार्ग ढूँढ़ रही थी तब देश स्ततंत्रता के लिए संघर्षरत था। ऐसे वातावरण में उन्होंने अनुभव किया- अपनी मातृभाषा हिंदी से ही देशवासियों के मन में देश के प्रति निष्ठा और स्वतंत्रता का संकल्प जगाया जा सकता है। यों तो उनकी सृजन-यात्रा सर्वप्रथम चित्रकला में प्रस्फुटित हुई। सन् १९३६-३७ के आस-पास जब वह साहित्य की ओर उन्मुक हुई तो उसने सबसे पहले कविता के क्षेत्र में कदम रखा और इसे संयोग ही कहा जाएगा कि उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति का अंत भी मृत्यु पूर्व लिखी गई उनकी एक कविता से ही हुआ। उनका साहित्य सृजन भले ही कविता से शुरू हुआ हो, लेकिन उन्हें प्रतिष्ठा मिली एक गद्य लेखक के रूप में। सन् १९४६ में प्रकाशित 'घरौंदा' उपन्यास के जरिए वे प्रगतिशील कथाकार के रूप में चर्चित हुए। १९६२ में उन्हें कैंसर रोग से पीड़ित बताया गया था। उसी वर्ष १२ सितंबर को उन्होंने मुंबई (तत्कालीन बंबई) में देह त्यागी। उनका विपुल साहित्य उनकी अभूतपूर्व लेखन क्षमता को दर्शाता है, जिसके संदर्भ में कहा जाता रहा है कि 'जितने समय में कोई पुस्तक पढ़ेगा उतने में वे लिख सकते थे। वस्तुतः उन्हें कृति की रूपरेखा बनाने में समय लगता था, लिखने में नहीं।

रांगेय राघव सामान्य जन के ऐसे रचनाकार हैं जो प्रगतिवाद का लेबल चिपकाकर सामान्य जन का दूर बैठे चित्रण नहीं करते, बल्कि उनमें बसकर करते हैं। समाज और इतिहास की यात्रा में वे स्वयं सामान्य जन बन जाते हैं। रागेय राघव ने वादों के चौखटे से बाहर रहकर सही मायने में प्रगितशील रवैया अपनाते हुए अपनी रचनाधर्मिता से समाज संपृक्ति का बोध कराया। समाज के अंतरंग भावों से अपने रिश्तों की पहचान करवाई। सन् १९४२ में वे मार्क्सवादी विचारधारा से प्रभावित दिखे थे, मगर उन्हें वादग्रस्तता से चिढ़ थी। उनकी चिंतन प्रक्रिया गत्यात्मक थी। उन्होंने प्रगतिशीस लेखक संघ की सदस्यता ग्रहण करने से इनकार कर दिया।


जीवन ऊर्जा | जावेद अख्तरः जन्म-17 जनवरी 1945 | जन्म

# शिक्षा हमारे भीतर की क्षमता को उजागर करने की कुंजी है

जावेद अख्तर एक भारतीय राजनीतिक कार्यकर्ता, कवि, गीतकार और पटकथा लेखक हैं, जो मूल रूप से ग्वालियर क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनका जन्म 17 जनवरी 1945 ग्वालियर में हुआ है। वह पद्म श्री (1999), पद्म भूषण (2007), साहित्य अकादमी पुरस्कार के साथ-साथ पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता हैं। अपने करियर के शुरुआती दौर में वह एक पटकथा लेखक थे, जिन्होंने दीवार, जंजीर और शोले जैसी फिल्में बनाईं।

जिंदगी छोटी है। प्रेम दुर्लभ है और खुशी क्षणभंगुर है, लेकिन जब आप सही व्यक्ति के साथ हों तो हर पल महत्वपूर्ण होता है। हमारा दिमाग चमत्कार पैदा करने में सक्षम है। यह सपने, क्रांतियां ला सकता है और इतिहास की दिशा बदल सकता है। कलम तलवार से भी अधिक शक्तिशाली है, क्योंकि शब्दों में प्रेरणा देने, ज्ञानवर्धन करने और क्रांति लाने की शक्ति होती है।

धर्म कभी भी विभाजन और नफरत का साधन नहीं बनना चाहिए। 'यह शांति, सहिष्णुता और एकता का मार्ग होना चाहिए। सुंदरता शारीरिक दिखावे में नहीं, बल्कि किसी के दिल की अच्छाई और उसके कार्यों की दयालुता में निहित है। कहीं भी, कभी भी अपने दिमाग को सशक्त बनाएं। प्यार कोई सीमा नहीं, कोई धर्म नहीं, कोई लिंग नहीं जानता। यह



एक ऐसी शक्ति है जो सभी मतभेदों को पार करती है और हमें एक साथ बांधती है। सफलता भौतिक संपत्ति से नहीं मापी जाती, बल्कि उस विरासत से मापी जाती है, जिसे हम पीछे छोड़ते हैं और जिन जिंदगियों को हम छूते हैं। शिक्षा हमारे भीतर की क्षमता को उजागर करने की कुंजी है। यह एक शक्तिशाली उपकरण है जो दुनिया को बदल सकता है। डर प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। हमें अपने डर पर विजय प्राप्त करनी चाहिए और अपने सपनों को पूरा करने का साहस रखना चाहिए। बदलाव की शुरुआत हमसे होती है। अगर हम एक बेहतर दुनिया देखना चाहते हैं, तो हमें खुद से शुरुआत करनी होगी और खुद वह बदलाव लाना होगा जो हम चाहते हैं। कला समाज का प्रतिबिंब है। इसमें चुनौती देने, सवाल उठाने और परिवर्तन को प्रेरित करने की शक्ति है। प्रेम स्वामित्व के बारे में नहीं है, यह स्वतंत्रता के बारे में है। यह किसी को उनका सच्चा रूप बनने और उनके सपनों का समर्थन करने की अनुमति देने के बारे में है। ईमानदारी विश्वास की नींव है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# ॐ नाद का रहस्य

ॐ ऐसा चमत्कारिक शब्द है जो कुछ ही दिनों में आपकी तमाम परेशानियों को खत्म करके आपके पूरे जीवन को बदलकर रख सकता है। तमाम लोगों का ये कहना होता है उन पर काम का बोझ इतना ज्यादा है कि वे चाहकर भी भगवान के ध्यान पूजा पाठ योग व प्राणायाम के लिए समय नहीं निकाल पाते। ऐसे लोगों को कम से कम सुबह उठकर और रात में सोते समय शांति से बैठकर दो मिनट के लिए ॐ का जाप करना चाहिए।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

धार्मिक रूप से ॐ शब्द को बहुत शक्तिशाली माना गया है। शब्द ब्रह्म की उत्पत्ति ओम से हुई है। इसमें पूरा ब्रह्मांड समाया हुआ है। जब हम किसी मंत्रोच्चारण से पहले इस शब्द को बोलते हैं तो उस मंत्र का प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। ॐ शब्द बोलते समय हमारे गले और शरीर में एक तरह का कंपन होता है। इसकी वजह से थायरॉयड बीपी लंग्स पेट की समस्याएं ठीक होती हैं और शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बेहतर होती है। तमाम वैज्ञानिक भी मानते हैं कि ॐ के नियमित जाप से तनाव डिप्रेशन गुस्सा अनिद्रा जैसी समस्याएं काफी नियंत्रित हो जाती हैं।



ॐ केवल एक शब्द नहीं है, बल्कि ध्वनि है, जब हम इसका जाप करते हैं तो बोलते समय उत्पन्न हुई उस ध्वनि से ही हमें कई तरह के फायदे होते हैं इसलिए इसका जाप हमेशा ऐसी जगह पर करना चाहिए, जहां कोई शोर-शराबा न हो।

ॐ का उच्चारण करते समय स्वर को जितना ऊंचे रखेंगे और जितनी गहराई से इसे बोलेंगे आपको इसके उतने ही बेहतर लाभ मिलेंगे। ॐ का उच्चारण करने से पहले जमीन पर आसन लगाएं और पद्मासन में बैठें। इसके बाद आंखें बंद करके सांस खींचें और फिर पेट से ॐ की आवाज को निकालते हुए सांस छोड़ते चले जाए। यदि आप पद्मासन नहीं लगा सकते तो रीड की हड्डी व गर्दन सीधी रखकर कुर्सी पर बैठकर भी ध्यान पूर्वक ॐ का जप कर सकते हैं।

शास्त्रों के अनुसार दिन के चौबीस घंटों में से कुछ घंटों का समय ऐसा होता है। जब ईश्वरीय शक्ति अपने चरम पर होती है। इस समय में किया गया जाप पाठ आराधना अधिक फलित होते हैं। इसलिए ॐ का जाप भी सुबह जल्दी और रात सोने से पहले करना चाहिए ताकि इसका पूरा फायदा आपको मिल सके।

रसोऽहमप्सु कौन्तेय प्रभास्मि शशिसूर्ययोः।
प्रणवः सर्ववेदेषु शब्दः खे पौरुषं नृषु॥

भगवान प्रकृति के कण-कण में अपनी सत्ता बताते हुए कहते हैं हे कुन्ती पुत्र मैं ही जल का स्वाद हूँ। सूर्य तथा चन्द्रमा का प्रकाश हूँ। समस्त वैदिक मन्त्रों में ओंकार हूँ। इसीलिए प्रत्येक मंत्र का आरंभ ॐ से किया जाता है। आकाश में ध्वनि हूँ और मनुष्यों द्वारा किया जाने वाला पुरुषार्थ भी मैं ही हूं। प्रत्येक वैदिक मंत्र को बोलने से पहले हरिः ॐ का उच्चारण किया जाता है। ओम में ब्रह्मा विष्णु महेश तीनों देवता समाहित है।

## अपने विचार



'जब भाजपा की डबल इंजन सरकार सैफ अली खान जैसी मशहूर हस्ती की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती, तो आम नागरिक क्या उम्मीद कर सकते हैं?'
**-अरविन्द केजरीवाल,** संयोजक आप पार्टी



मोहन भागवत कई विषयों पर बिना किसी मतलब के ऐसे बयान देते रहते हैं। उन्होंने जो कहा है, वह महात्मा गांधी और बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान का अपमान है, यह उस पर हमला है।
**-जयराम रमेश** , कांग्रेस सांसद



जब सैफ अली खान पर चाकू से हमला हुआ, तब पीएम मोदी मुंबई में थे। इस राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है. मुंबई और बीड में क्या हो रहा है? आम जनता सुरक्षित नहीं है. ऐसी घटनाएं हर दिन हो रही हैं। **-संजय राउत,** शिवसेना (यूबीटी)



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर मुंबई में उनके घर में घुसकर चाकू से हमला होना दिखाता है कि महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है।
- **शरद पवार,** रांकापा (एसपी)

अपने विचार
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# इको-फ्रेंडली मूर्ति के लिए मनपा का सहयोग करेंगें मूर्तिकार

## मूर्तिकारों को शाडू मिट्टी और जगह उपलब्ध कराने का आश्वासन

धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

पर्यावरण-अनुकूल त्योहार मनाने के उद्देश्य से ठाणे मनपा ने मूर्तिकारों के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने का आश्वासन दिया है। मनपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में मूर्तिकारों को शाडू मिट्टी और मूर्ति बनाने के लिए जगह उपलब्ध कराने की सहमति दी गई। मनपा के अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी और अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे ने मूर्तिकार एसोसिएशन, गणेशोत्सव समन्वय समिति और अन्य सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक कर पर्यावरण-अनुकूल मूर्तियों के निर्माण पर जोर दिया।

### उच्च न्यायालय और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश



उच्च न्यायालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पर्यावरण-अनुकूल त्योहार मनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन्हीं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए मनपा ने यह बैठक आयोजित की।

### बैठक के मुख्य बिंदु

- सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों में शाडू मिट्टी की मूर्तियों का अनिवार्य उपयोग।
- मूर्तिकारों की समस्याओं का समाधान करने के लिए मनपा का सहयोग।
- शाडू मिट्टी की उपलब्धता और मूर्ति निर्माण के लिए स्थान प्रदान करना।
- पर्यावरण-अनुकूल त्योहार के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर।

### मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देश

मनपा आयुक्त सौरभ राव ने मूर्तिपूजकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानने और उनका समाधान करने के निर्देश दिए। इस बैठक में उपायुक्त (पर्यावरण विभाग) डॉ. पद्मश्री बैनाडे, उपायुक्त (अतिक्रमण) शंकर पटोले, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान और विधि अधिकारी मकरंद काले भी उपस्थित थे। मनपा ने मूर्तिकारों और मंडलों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाएं और इको-फ्रेंडली मूर्तियों को प्राथमिकता दें।

# जिला परिषद की ओर से क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

जिला परिषद के अंतर्गत अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन पलावा सिटी, कल्याण के पास किया गया। इस क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे और क्रीड़ा क्षेत्र से जुड़ी शिवप्रिया के हाथों से मशाल जलाकर किया गया। यह आयोजन जिला परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें सभी ने उत्साह के साथ भाग लिया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने कहा कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए मैदानी खेलों का अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से इस तरह के आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की।



### मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर जोर

उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविनाश फड़तरे ने इस अवसर पर कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलकूद अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है। परियोजना संचालक छायादेवी शिसोदे ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी, जबकि अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजिंक्य पवार ने कहा कि इस तरह के खेल कार्यक्रमों का आयोजन स्वास्थ्य को मजबूत करने में मदद करता है।

### सहयोग और समर्थन

इस क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक और बैंक ऑफ बड़ोदा के सहयोग से हुआ। इस अवसर पर उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ग्राम पंचायत विभाग प्रमोद काले, मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी वैजनाथ बुरुडकर, पानी एवं स्वच्छता विभाग प्रमुख संदिप चव्हाण, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर परगे, शिक्षणाधिकारी माध्यमिक ललिता दहितुले, और अन्य विभागीय प्रमुख उपस्थित थे।

# श्रीमदभागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता | नालासोपारा

योग भागवत भक्त परिवार द्वारा आयोजित श्री मद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ और संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ 16 जनवरी से नालासोपारा पूर्व के राजमाता नगर स्थित कपोल स्कूल के सामने मजीठिया पार्क में किया गया।

### आयोजन स्थल पर व्यवस्था और अपील

सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आयोजन समिति ने पूरी तैयारी की है। धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया गया है कि वे इस आध्यात्मिक अवसर पर सम्मिलित होकर कथा का लाभ उठाएं।

### भव्य कलश यात्रा निकाली गई



गुरुवार दोपहर 1.30 बजे भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें 500 से अधिक महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर भाग लिया। राधे-राधे और जय श्रीराम के नारों से गूंजती यह यात्रा आचोले तालाब से प्रारंभ होकर चंदन नाका, गालानगर सर्कल और शंखेश्वर नगर होते हुए राजमाता नगर पहुंची। झांकियां यात्रा का मुख्य आकर्षण रहीं।

### प्रख्यात कथा वाचक का प्रवचन

इस भागवत कथा में प्रख्यात कथा वाचक पंडित विकास कृष्ण शास्त्री व्यासपीठ से कथा का अमृतपान करवा रहे हैं। आयोजन समिति ने समाज के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक संख्या में भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की है।

### कार्यक्रम की मुख्य जानकारी

यह कार्यक्रम 16 जनवरी से प्रारंभ होकर 22 जनवरी को महाप्रसाद वितरण के साथ संपन्न होगा। आयोजन समिति के प्रमुख सदस्यों, जिनमें हिंद सितारे दूबे, प्रवीण दुबे, आर.आर. सिंह, कृष्ण कुमार पांडेय, विवेक सिंह, और अन्य ने बताया कि इस महायज्ञ का उद्देश्य समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना है।

# सिटी पार्क में चित्रकला प्रतियोगिता को मिली अभूतपूर्व प्रतिक्रिया!

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका, विजय एड्स और अविष्कार फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 1300 विद्यार्थियों ने भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। कल्याण पश्चिम स्थित सिटी पार्क के हरे-भरे प्राकृतिक वातावरण में बच्चों ने अपने ब्रश से कल्पनाओं को रंग दिया और चित्रकला के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।



### पुरस्कार वितरण और प्रशंसा

इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में सांसद सुरेश म्हात्रे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल उनकी प्रतिभा को उजागर करती हैं, बल्कि उन्हें प्रोत्साहन भी देती हैं। सांसद म्हात्रे ने महापालिका के अधिकारियों को निर्देश दिया कि भविष्य में इस प्रकार के और आयोजन किए जाएं।

### महापालिका का आश्वासन

महापालिका के सूचना और जनसंपर्क विभाग के उपआयुक्त संजय जाधव ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी कला और कौशल दिखाने का मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि महापालिका आने वाले समय में भी ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करती रहेगी।

# रजनीश कुमार बने पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय रेल सिगनल इंजीनियर्स सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रजनीश कुमार (1990 बैच) ने पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले, वे अक्टूबर 2022 से दिसंबर 2024 तक रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।



### शैक्षणिक और पेशेवर पृष्ठभूमि

रजनीश कुमार ने 1989 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक किया। रेलवे में शामिल होने से पहले, वे आईआईटी दिल्ली में वरिष्ठ रिसर्च एसोसिएट के रूप में कार्यरत थे। रेलवे सेवा में, उन्होंने सिगनल एवं दूरसंचार रखरखाव और निर्माण के क्षेत्र में व्यापक अनुभव अर्जित किया है।

### प्रमुख योगदान और अनुभव

कुमार ने गोरखपुर मुख्यालय, वाराणसी और पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने मथुरा-कासगंज और बाराबंकी-गोंडा रेल खंडों के दोहरीकरण और कई यार्डों के रीमॉडलिंग में अहम भूमिका निभाई। लामडिंग-तिनसुकिया रेल खंड के गेज परिवर्तन का चुनौतीपूर्ण कार्य भी उनकी देखरेख में सफलतापूर्वक पूरा हुआ। 2011 से 2016 तक, रजनीश कुमार अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ), लखनऊ में निदेशक/सिगनल और बाद में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत रहे। इस दौरान उन्होंने उपकरणों की गुणवत्ता में सुधार, विक्रेता अनुमोदन में तेजी, और कार्य प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए।

### रतलाम मंडल में उल्लेखनीय उपलब्धियां

अक्टूबर 2022 से दिसंबर 2024 के दौरान रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में, उन्होंने संरक्षा और ट्रेनों की समयपालनता सुनिश्चित की। उनके नेतृत्व में इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट, सिगनलिंग अपग्रेडेशन, गति वृद्धि, पुल सुदृढ़ीकरण और अमृत स्टेशन परियोजनाओं जैसे कई सुधार कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुए। पश्चिम रेलवे में अपनी नई जिम्मेदारी के साथ, रजनीश कुमार के नेतृत्व में रेलवे सिगनल और दूरसंचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की उम्मीद है।

राज्य खेल दिवस

# भिवंडी मनपा ने आयोजित की जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

ओलंपिक हीरो स्व. खाशाबा जाधव की जयंती के अवसर पर भिवंडी महानगर पालिका द्वारा राज्य खेल दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनपा आयुक्त एवं प्रशासक अजय वैद्य ने कहा कि कुश्ती एक ऐसा खेल है जो मिट्टी से जुड़ा हुआ है और इसमें ताकत व कला का अनोखा मिश्रण है। यह खेल शारीरिक और मानसिक फिटनेस को बढ़ावा देता है और युवा पीढ़ी को मजबूत बनाने में मदद करता है।इस प्रतियोगिता का उद्घाटन आयुक्त अजय वैद्य ने किया। उनके साथ अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके, सिटी इंजीनियर जमील पटेल, उपायुक्त शैलेश डोंडे, प्रणाली घोंगे, खेल विभाग के सहायक आयुक्त मिलिंद पलसुले, और ठाणे जिला कुस्तिगीर तालीम संघ के जिला उपाध्यक्ष श्रीराम पाटिल मंच पर उपस्थित थे।

### 125 विद्यार्थियों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा



#### प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का जोश

भिवंडी मनपा क्षेत्र की इस प्रतियोगिता में 125 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता को 14 और 17 वर्ष के 12 आयु वर्गों में आयोजित किया गया। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप सूखे मेवे भेंट किए गए।

### भविष्य में मैट उपलब्ध कराने का वादा

आयुक्त वैद्य ने आश्वासन दिया कि नगर पालिका भविष्य में कुश्ती के लिए मैट उपलब्ध कराएगी। उन्होंने इस तरह की प्रतियोगिताओं को बच्चों और युवाओं के बीच कुश्ती के प्रति रुचि बढ़ाने का एक बेहतरीन माध्यम बताया।

### सफल आयोजन के पीछे मेहनत

इस आयोजन को सफल बनाने में सहायक आयुक्त मिलिंद पलसुले, खेल अधिकारी शरद कलावंत और नगर खेल विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की। प्रतियोगिता के प्रमुख अंपायर विकास एकनाथ पाटिल और सतीश म्हात्रे को आयुक्त अजय वैद्य के हाथों सम्मानित किया गया।

# कर्जत स्टेशन पर पोर्टल्स उतारने और हटाने के लिए विशेष यातायात और पावर ब्लॉक



डीबीडी संवाददाता | कर्जत

कर्जत स्टेशन पर पोर्टल्स को उतारने और हटाने के कार्य के लिए मध्य रेलवे द्वारा 17 और 19 जनवरी 2025 को विशेष यातायात और पावर ब्लॉक का संचालन किया जाएगा। इन ब्लॉकों के दौरान कुछ उपनगरीय ट्रेनों की सेवाएं प्रभावित रहेंगी।

### 17 जनवरी को विशेष यातायात ब्लॉक

ब्लॉक के दौरान पलासधारी और कर्जत स्टेशनों के बीच अप और मिड लाइन तथा कर्जत और चोक/भिवपुरी स्टेशनों के बीच अप और डाउन लाइन प्रभावित रहेंगी। इस दौरान बदलापुर और खोपोली के बीच उपनगरीय सेवाएं रद्द रहेंगी। कुछ लोकल ट्रेनों का संचालन अंबरनाथ और बदलापुर स्टेशन से किया जाएगा।

### 19 जनवरी को पावर ब्लॉक

इस दिन कर्जत स्टेशन पर पोर्टल तोड़ने का कार्य होगा। ब्लॉक के दौरान नेरल और खोपोली के बीच उपनगरीय सेवाएं रद्द रहेंगी। कुछ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को लोनावला और पुणे मंडल में रेगुलेट किया जाएगा।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। निवेश शुभ रहेगा। लंबी यात्रा का मन बनेगा।

**वृष** — प्रभावशाली व्यक्तियों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** — वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। क्रोध व उत्तेजना से बाधा उत्पन्न होगी। नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। दूसरों के काम में दखल न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क** — पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पठन-पाठन व लेखन आदि में मन लगेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है।

**सिंह** — देव-दर्शन का कार्यक्रम बनेगा। अध्यात्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। प्रभावशालीव व्यक्तियों से परिचय बढ़ेगा।

**कन्या** — किसी अपरिचित की बातों में न आएं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में अधिक प्रयास करना पड़ेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी झगड़े में न पड़ें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

**तुला** — भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से दिल को ठेस पहुंच सकती है। बनते काम बिगड़ सकते हैं, धैर्य रखें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। किसी के उकसावे में न आएं।

**वृश्चिक** — घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास बना रहेगा। नौकरी व व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे।

**धनु** — सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा की योजना बनेगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**मकर** — प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक लाभ बढ़ेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध करने का अवसर दूसरों को न दें।

**कुंभ** — यात्रा मनोरंजक रहेगी। सभी ओर से सफलता प्राप्त होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। व्यस्तता के चलते थकान महसूस होगी। विवेक से कार्य करें। लाभार्जन सहज होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन** — यात्रा मनोरंजक रहेगी। नई योजना बनेगी। व्यवसाय में वृद्धि के लिए सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

# शादी चलेगी या नहीं।

भाग-2



**उदाहरण_अनुसार_कर्क_लग्न:-**

कर्क लग्न में सातवें भाव(विवाह भाव)स्वामी शनि बनता है अब शादी यहाँ अस्त होकर रह केतु के साथ बैठा हो और सातवाँ भाव भी थोड़ा कमजोर हो तब वैवाहिक जीवन तलाक को ओर जाएगा, पति पत्नी में दूरियां बढ़ेगी, वैचारिक मतभेद आदि के कारण, लेकिन यही ऐसी स्थिति में सातवें भाव का स्वामी शनि जो राहु केतु के साथ है उस शनि के साथ गुरु शुक्र जैसी शुभ ग्रह भी बैठे हो तब शादी खण्डित नही होगी भले ही दूरियां हो जाये पति पत्नी में, अब यहां जो ग्रह दूरियां और दिक्कत कर रहे है उनकी शांति के उपाय करके शादी यहाँ पूरी तरह सही हो जाएगी क्योंकि सातवे भाव स्वामी शनि के साथ विवाह सुख के कारक दो शुभ ग्रह साथ बैठे है।



प्रियंका जैन
9769994439

अब एक उदाहरण से समझते है कब शादी ठीक नही हो सकती या वैवाहिक जीवन मे पति पत्नी में दूरियां होने के बाद कब शादी नही सही हो सकती।

**उदाहरण_अनुसार_कुंभ_लग्न:-**

कुंभ लग्न में सातवें भाव का स्वामी सूर्य होता है ,अब सूर्य के साथ सूर्य का परम शत्रु राहु साथ बैठा हो और सातवें भाव मे कोई अस्त या छठे भाव का स्वामी यहाँ कुंभ लग्न में चन्द्रमा होता है यह सातवे भाव मे अस्त होकर या बहुत कमजोर होकर बैठे और सूर्य+सातवे भाव पर शुक्र+बुध या, गुरु प्रभाव ऐसी स्थिति में न हो तब यहां शादी नही चल पाएगी, तलाक या बिना तलाक अलग रहना पड़ेगा।

इस तरह यदि वैवाहिक जीवन मे दूरियां, दोनो पति पत्नी आपस मे अलग है, पति पत्नी आपस मे न बनने के कारण, वैचारि क मतभेद आदि के कारण तब यदि कुंडली में बचाव के योग है तब उपायों से ऐसी स्थिति में शादी बच जाएगी, वरना दोनों का तलाक होगा।।

न्यूज़ ब्रीफ

### अखिलेश ने अयोध्या में सर्किल रेट से 6 गुना ज्यादा मुआवजा मांगा



लखनऊ। अयोध्या में किसानों को जमीन का मुआवजा नहीं मिलने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर बड़ा हमला बोला। साथ ही योगी सरकार से किसानों को उनकी जमीन का छह गुना मुआवजा देने की मांग की। अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में प्रदेश में उनकी पार्टी की सरकार आने पर अयोध्या को विश्व स्तरीय शहर बनाया जाएगा। गुरुवार को अयोध्या में अपनी जमीन का मुआवजा न मिलने का आरोप लगाते हुए किसान अखिलेश यादव से मुलाकात करने लखनऊ पहुंचे थे। किसानों की समस्या सुनने के बाद अखिलेश ने यूपी सरकार को घेरा।

### डबल मर्डर, मां-बेटी की घर में गला रेतकर हत्या

**लखनऊ।** मलिहाबाद के ईसापुर गांव में बृहस्पतिवार को गीता (24) और उनकी बेटी दीपिका (7) की गला रेत कर हत्या कर दी गई। दोनों के शव उनके मकान में पड़े मिले। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम और पुलिस अधिकारी पहुंच गए। फोरेंसिक टीम साक्ष्य जुटा रही है। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव का कहना है कि महिला का पति मुंबई में काम करते हैं।

### झारखंड बोर्ड मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में 7. 83 लाख छात्र होंगे शामिल



**रांची।** राज्य में इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए 2100 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल यानी जैक ने परीक्षा निर्धारण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। मैट्रिक के लिए राज्य भर में 1305 केंद्र व इंटर के लिए 795 केंद्र बनाये गये हैं। मैट्रिक और इंटर, दोनों परीक्षाओं में इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है। इस वर्ष मैट्रिक और इंटर मिलाकर कुल 7,83,711 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष मैट्रिक में 12208 व इंटर तीनों संकाय में परीक्षार्थियों की संख्या में 5267 की वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 की मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने के लिए 4,21,678 व इंटर के लिए 3,44,842 परीक्षार्थियों ने आवेदन जमा किये थे। वहीं, वर्ष 2025 की मैट्रिक परीक्षा के लिए 4,33,886 और इंटर के लिए 3,49,825 परीक्षार्थियों ने आवेदन जमा किये हैं।

# प्रशांत किशोर ने गंगा नहाकर तोड़ा आमरण अनशन

एजेंसी । पटना

बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा दोबारा कराने की मांग को लेकर बीते 2 जनवरी से अनशन पर चल रहे थे। प्रशांत किशोर ने आखिरकार 15वें दिन गुरुवार को गंगा नदी में स्नान और पूजा-हवन करने के बाद अपना अनशन तोड़ ही दिया। उन्होंने अनशन तोड़ने से पहले महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद केला खाकर अपना अनशन समाप्त किया। हालांकि प्रशांत किशोर का सत्याग्रह जारी रहेगा। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने पटना के मरीन ड्राइव के पास जन सुराज आश्रम में अपना अनशन खत्म किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांधी जी के बताए रास्ते पर अब आज से सत्याग्रह की शुरुआत करूंगा।

### अब टेंट सिटी में रहेंगे प्रशांत किशोर



प्रशांत किशोर ने कहा कि अब यह टेंट सिटी ही जन सुराज का पता होगी। यहां जो भी लोग आकर अपनी बात कहना चाहते हैं, वे कह सकते हैं। जन सुराज ने बिहार में सत्याग्रह की शुरुआत कर दी है। बता दें कि पटना के मैरिन ड्राइव पर प्रशांत किशोर का यह टेंट सिटी लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि बीपीएससी के मुद्दे पर लड़ाई की शुरुआत प्रशांत किशोर ने नहीं की है, बल्कि बीपीएससी अभ्यर्थियों ने आंदोलन को आगे बढ़ाया। लेकिन, सरकार ने पूरे मामले पर संवेदनशीलता नहीं दिखाई। गांधी मैदान में इसको लेकर छात्र संसद भी हुआ। मेरे भरोसे पर छात्र जुटे थे। 29 दिसंबर को पहली बार प्रशासन ने भरोसा तोड़ा, जब छात्रों पर लाठीचार्ज की गयी।

### बीपीएससी के मुद्दे पर कोर्ट में सुनवाई

प्रशांत किशोर ने कहा कि अब तक बीपीएससी के मुद्दे पर सरकार ने कोई पहल नहीं की। हमलोग न्यायालय के फैसले का इंतजार कर रहे है। आज बीपीएससी रीएग्जाम की मांग को लेकर पटना हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई हुई है। जिसका फैसला भी आज आना है। सुनवाई के दौरान कोर्ट में सरकारी और जन सुराज के वकीलों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई है। यह सुनवाई करीब एक घंटे 20 मिनट तक चली है।।

## सड़क हादसे में तीन की मौत



**गिरिडीह।** जिले के मधुबन थाना इलाके के गिरिडीह डुमरी रोड स्थित चैनपुर में सड़क हादसे में बुधवार देर रात तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में वाहन चालक गंभीर रूप घायल हो गया। मृतकों की पहचान लक्ष्मणतुंडा गांव निवासी देवचंद्र साहू (53), केंदुआडीह निवासी थानू कुमार (16) और निमियाघाट थाना इलाके के रंगामति गांव निवासी घनश्याम साहू के रूप में हुई। सड़क हादसा देर रात करीब एक बजे के आसपास हुआ, जब दोनों वाहन पीरटांड़ से डुमरी की तरफ जा रहे थे। इस बीच चैनपुर के पास पहुंचते ही दोनों वाहनों की एक-दूसरे से टक्कर हो गई। हादसे में वाहन में बैठे तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

### बेंगलुरु में 30 लाख का था पैकेज

**बस्ती।** बस्ती से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज दिया। बुधवार की देर शाम पौने आठ बजे बभनान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के पश्चिमी छोर पर अप लाइन से रनथ्रु गुजर रही मालगाड़ी के सामने एक युवक ने छलांग लगा दी। ट्रेन की चपेट में आने से उसका शव क्षत-विक्षत हो गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना स्टेशन मास्टर बभनान ने जीआरपी मनकापुर को दी। घटना स्थल पहुंचे जीआरपी चौकी प्रभारी मनकापुर राम समुझ सरोज ने जामा तलाशी कराई तो उसके पास यात्रा संबंधी कोई अधिकार पत्र नहीं मिला।

### शव के शिनाख्त की कार्रवाई शुरू



सोशल मीडिया के जरिए शव के शिनाख्त की कार्रवाई शुरू की। गुरुवार की सुबह मृतक के छोटे भाई गोंडा जनपद के खोड़ारे थाना क्षेत्र के तिलया गांव निवासी गयादीन गुप्ता पुत्र राम शंकर गुप्ता व ग्रामीणों ने मनकापुर पहुंच शव की शिनाख्त अपने मंझले भाई लोचन गुप्ता (35) पुत्र राम शंकर गुप्ता के रूप में की। इसकी सूचना परिजनों को मिली तो पिता राम शंकर गुप्ता, मां चंद्रावती, बड़े भाई बेचन गुप्ता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि लोचन गुप्ता ने बीटेक किया था।

# शिक्षकों के लिए एसीएस सिद्धार्थ ने जारी किए 15 सख्त निर्देश

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

एजेंसी । पटना

बिहार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस। सिद्धार्थ ने राज्य के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए नई पहल की है। यह कदम शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और छात्रों के जीवन में अनुशासन और विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। राज्यभर के 81 हजार सरकारी स्कूलों में शैक्षिक अनुशासन को लागू करने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### नए दिशा-निर्देश से शिक्षा में होगा बदलाव



इन नए आदेशों के तहत, छात्र अब स्कूल समय सारणी के अनुसार पूरी तैयारी के साथ आएंगे। उन्हें पाठ्यपुस्तकों, नोटबुक, पानी की बोतल, पेंसिल बॉक्स और साफ-सुथरी वर्दी पहनकर आना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, शिक्षकों की जिम्मेदारी भी बढ़ाई गई है। वे कक्षा शुरू होने से 10 मिनट पहले विद्यालय पहुंचेंगे और ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। ACS एस। सिद्धार्थ के अनुसार, स्कूलों में एक मजबूत प्रबंधन प्रणाली लागू की जाएगी। छात्र की उपस्थिति, उनकी शैक्षिक गतिविधियां, सफाई, कक्षा की व्यवस्था और बच्चों के माता-पिता से संवाद को प्रमुखता दी जाएगी।

### शिक्षकों पर नई जिम्मेदारी

शिक्षकों को अपनी कक्षाओं में पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी देनी होगी। कक्षा में प्रत्येक शिक्षक पाठ योजना का पालन करेंगे, बच्चों को होमवर्क देंगे और साप्ताहिक टेस्ट लेंगे। इसके अलावा, शिक्षक छात्रों के प्रगति कार्ड पर भी काम करेंगे, जो हर तीन महीने में बच्चों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करेंगे।

## मंगनीलाल मंडल करेंगे घर वापसी

### नीतीश कुमार को छोड़ आयेंगे लालू यादव के पास

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुके पूर्व सांसद मंगनी लाल मंडल राजद में वापसी करेंगे। इसको लेकर गुरुवार को समर्थकों के साथ राजनीति रणनीति को ले बैठक बुलाया। बैठक में पूर्व सांसद ने अपने सभी पुराने समर्थक और सभी पार्टी के लोगों से राय शुमारी कराई गई कि आगे क्या कदम उठाया जाना चाहिए। बताया जा रहा है कि मंगनी लाल मंडल 24 जनवरी को राजद की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उनके समर्थकों का दावा है कि मंडल के राजद में जाने से नीतीश कुमार को नुकसान हो सकता है।

### 24 जनवरी को ले सकते हैं राजद की सदस्यता



मंगनी लाल मंडल पूर्व में राजद में रह चुके हैं। राजद ने इन्हें राज्य सभा भी भेजा था। वर्तमान में जदयू के वरिष्ठ सदस्य बताए जाते हैं। पार्टी में उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया इनके जदयू छोड़कर राजद में जाने से एक बड़े तबके को का प्रभावित होना तय माना जा रहा है। दावा है कि मंगनी लाल मंडल बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ 24 जनवरी को फुलपरास में होनेवाले तेजस्वी प्रसाद यादव के कार्यक्रम में राजद की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

### सांसद और मंत्री रह चुके हैं मंडल

कर्पूरी जयंती समारोह पर तेजस्वी यादव 24 को फुलपरास आ रहे हैं। पार्टी ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती इस साल पटना से बाहर मधुबनी में मनाने का फैसला किया है। तेजस्वी यादव ने गुरुवार को दोपहर बाद परसा के एक होटल कैंपस में अपने समर्थकों के साथ बैठक बुलाई है। बैठक के बाद आधिकारिक तौर पर पार्टी बदलने की घोषणा संभावित है।



## धनबाद हिंसक झड़प का मुख्य आरोपी को लाया गया मधुबन

### अब इस सुराग को खंगालने में जुटी पुलिस

**धनबाद।** धनबाद के खरखरी जंगल में हुए हिंसक झड़प मामले का मुख्य आरोपी कारू यादव को पुलिस ने बुधवार को जमुई से गिरफ्तार कर लिया था। गुरुवार को उसे मधुबन थाना लाया गया। इसके बाद पुलिस की टीम कारू को साथ लेकर कई स्थानों पर सर्च अभियान चलाया। फिर उन्हें 500 मीटर तक पैदल मार्च कराया गया। फिलहाल पुलिस इस घटना को लेकर कई अहम सुराग जुटाने लगी हुई।

### कई अहम सुराग खंगालने में जुटी पुलिस

सूत्रों की मानें तो धनबाद पुलिस अभी भी हिंसक झड़प के पीछे जिन लोगों का हाथ है इसका पता लगाने में जुटी हुई है। साथ ही साथ घटना में प्रयुक्त हथियार कहां से मिला इसका बायोडाटा भी खंगालने में लगी हुई है। इस अभियान में महुदा थाना खरखरी, सोनारडीह, ईस्ट बसुरिया, कतरास थाना भाटडीह ओपी की पुलिस मौजूद हैं। हालांकि कारू यादव से अभी तक पूछताछ नहीं है। संभावना जतायी जा रही है कि पूछताछ में कुछ बड़ा खुलासा हो सकता है। यही वजह है कि पुलिस अभी तक इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रही है।

### अब तक कुल 15 की हुई गिरफ्तारी

धनबाद के खरखरी जंगल में हुए हिंसक झड़प मामले में पुलिस ने अब तक कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें कारू यादव और उसका छोटा भाई वीरेंद्र यादव उर्फ बिल्ला समेत कई लोग शामिल हैं। भाई की निशानदेही पर पुलिस ने खरखरी में कारू यादव के मार्केट में स्थित एक दुकान से 7 .65 एमएम का देसी पिस्टल, 7 .65 एमएम के पांच जिंदा कारतूस, एक जिंदा सूतली बम व तीन मोबाइल बरामद किया है।

## व्यापार जगत

# मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

### सेंसेक्स में 318.74 अंकों की उछाल

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख की वजह से गुरुवार 16 जनवरी 2025 को घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ. कारोबार के आखिर में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 318.74 अंक या 0.42% की तेजी के साथ 77,042.82 अंकों पर पहुंच गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 111.10 अंक या 0.48% उछलकर 23,324.30 अंक पर बंद हुआ।





### बीएसई में अदाणी पोर्ट्स को सबसे अधिक मुनाफा

शेयर बाजार के कारोबार के आखिर में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स के 20 कंपनियों के शेयर बढ़त और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. इनमें सबसे अधिक अदाणी पोर्ट्स का 2.03% उछलकर 1151 रुपये प्रति शेयर के स्तर पर पहुंच गया. हालांकि, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.87% गिरकर 1791.70 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

### एनएसई में एचडीएफसी लाइफ का शेयर 7.99% उछला

एनएसई में 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी के 33 शेयर हरे निशान और 17 शेयर लाल निशान पर बंद हुए. इनमें सबसे अधिक एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का शेयर 7.99% उछलकर 641.70 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया. हालांकि, टाटा समूह की कंपनी ट्रेंट का शेयर 2.59% टूटकर 6224.70 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

### एशिया के दूसरे बाजारों में सकारात्मक रुख

एशिया के दूसरे बाजारों में सकारात्मक रुख बना रहा. जापान का निक्केई 225, हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुआ. यूरोपीय बाजारों में बढ़त बना हुआ है. अमेरिकी बाजार बुधवार को मजबूती के साथ बंद हुए थे. वैश्विक तेल बाजार में ब्रेंट क्रूड 0.33% गिरकर 81.76 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## निर्मला सीतारमण ने सिंगापुर के राष्ट्रपति से की मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई बातचीत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से गुरुवार को नई दिल्ली में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं में अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। इस अवसर पर सिंगापुर के परिवहन और वित्त मंत्री ची. होंग टाट भी मौजूद रहे।
वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम ने मुलाकात की। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की, जिसमें फिनटेक, डिजिटल प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया।

## डॉलर के मुकाबले 19 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

**नई दिल्ली।** डॉलर इंडेक्स की कमजोरी के बावजूद अमेरिकी 10 ईयर ट्रेजरी यील्ड में आए उछाल और कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी की वजह से रुपया आज 19 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसके पहले बुधवार को रुपये ने डॉलर की तुलना में 86.36 के स्तर पर कारोबार का अंत किया था। आज भारतीय मुद्रा 19 पैसे टूट कर



86.55 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई।

### डॉलर इंडेक्स कमजोर

मार्केट एक्सपर्ट सर्वेश्वर दयाल सिन्हा के अनुसार कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी और इंपॉर्टर्स द्वारा डॉलर की मांग बढ़ा दिए जाने के कारण आज रुपये पर दबाव बन गया। राहत की बात यह रही कि डॉलर इंडेक्स में आई कमजोरी और वैश्विक स्तर पर इक्विटी मार्केट में बने पॉजिटिव माहौल के कारण रुपये की गिरावट सीमित दायरे में बनी रही। आपको बता दें कि अमेरिकी कोर कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के उम्मीद से कम हो जाने की वजह से डॉलर इंडेक्स कमजोर हुआ है। हालांकि सर्वेश्वर दयाल सिन्हा का कहना है कि आने वाले दिनों में कच्चे तेल की कीमत में तेजी जारी रहने की उम्मीद है, जिसकी वजह से डॉलर की मांग बढ़ सकती है।

## फिक्की ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.4 फीसदी किया





**नई दिल्ली।** भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। इससे पहले उद्योग मंडल ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सात फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया था। फिक्की की ओर से जारी आर्थिक परिदृश्य सर्वेक्षण के ताजा अनुमान के अनुसार संशोधित अनुमान व्यापक अपेक्षाओं के अनुरूप है। फिक्की के आर्थिक परिदृश्य सर्वेक्षण के नवीनतम दौर में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.4 फीसदी की वार्षिक औसत जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया है। वर्तमान सर्वेक्षण में पूर्वानुमान पिछले वर्ष सितंबर के महीने में आयोजित पिछले दौर में 2024-25 के लिए लगाए गए 7.0 फीसदी अनुमान से कम है।

# रेल विकास निगम के शेयरों में 9% की बड़ी बढ़त

### पांच महीने का सबसे तेज उछाल

**मुंबई।** रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) के शेयरों ने कम समय में निवेशकों को तगड़ा मुनाफा दिया है. पिछले साल सिर्फ चार महीनों में इन शेयरों ने निवेशकों के पैसे को तीन गुना से अधिक बढ़ा दिया था. अब ताजा घटनाक्रम में, एक बड़े ऑर्डर के कारण आज इसके शेयरों में 9% से अधिक की तेजी आई है, जो पिछले पांच महीनों में इसकी सबसे बड़ी वृद्धि है।



### BSNL से प्राप्त ऑर्डर की डिटेल्स

रेल विकास निगम को भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) से एक बड़ा ऑर्डर प्राप्त हुआ है, जिसकी घोषणा कंपनी ने पिछले साल नवंबर में की थी. इस ऑर्डर के तहत, RVNL को भारत नेट के मिडिल माइल नेटवर्क को डिजाइन, बिल्ड, ऑपरेट और मेंटेन (DBOM) मॉडल पर डेवलप करना है. यह तीन साल का निर्माण अनुबंध है, जबकि मेंटेनेंस की अवधि 10 साल की होगी. इस ऑर्डर की कुल वैल्यू 3,622 करोड़ रुपये है।

### RVNL के शेयरों में अचानक उछाल

आज बाजार खुलने के कुछ समय बाद ही रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) के शेयरों में 9% से अधिक की बढ़ोतरी देखने को मिली. इस तेजी का कारण एक नया ऑर्डर है, जिसे कंपनी को भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) से प्राप्त हुआ है. इस ऑर्डर ने बाजार में सकारात्मक माहौल बना दिया, जिससे तेज खरीदारी हुई और शेयर पांच महीने की सबसे बड़ी तेजी पर पहुंच गए. हालांकि, कुछ निवेशकों ने इस तेजी का फायदा उठाया, जिससे कीमत थोड़ी नरम पड़ी, लेकिन शेयर अभी भी मजबूत स्थिति में हैं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
मुंबई, शुक्रवार, 17 जनवरी 2025



# लीजेंड 90 लीग से मैदान पर वापसी के लिए तैयार शिखर धवन

एजेंसी । रायपुर

भारतीय क्रिकेट के पूर्व स्टार शिखर धवन फरवरी 2025 में होने वाली लीजेंड 90 लीग में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। धवन, जो इस लीग में दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, ने टीम के मनोबल को बढ़ाते हुए आगामी सीजन के लिए अपनी तैयारियों पर भरोसा जताया। धवन ने कहा, 'लीजेंड 90 लीग के इस सीजन में मैं दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलूंगा। मैदान पर अपने फॉर्म को दिखाने और हर पल को यादगार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। इतने समय बाद प्रशंसकों से मिल रहे प्यार के लिए मैं दिल से आभारी हूं।'



## दिल्ली रॉयल्स का करेंगे प्रतिनिधित्व

### नई जर्सी का अनावरण

टीम के मैनेजमेंट ने इस मौके पर नई जर्सी का अनावरण भी किया। मन्नत ग्रुप के प्रतिनिधि मनदीप मलिक ने कहा, 'हमारी टीम दिल्ली के गौरव और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। धवन और टेलर जैसे खिलाड़ियों के साथ नए खिलाड़ियों का यह समावेश निश्चित रूप से टीम को नई ऊर्जा देगा।

### दिल्ली रॉयल्स की नई ताकत

हाल ही में खत्म हुए खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में दिल्ली रॉयल्स ने कई दिग्गज और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। इन खिलाड़ियों में वेस्ट इंडीज के जेरोम टेलर और दिनेश रामदीन, श्रीलंका के दनुष्का गुनाथिलका, और भारत से सुमित नरवाल, परविंदर अवाना, शरद लुंबा, लखविंदर सिंह, तथा राजविंदर सिंह शामिल हैं। दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर के साथ इन खिलाड़ियों के आने से टीम का संतुलन और भी मजबूत हुआ है। टीम के मालिक और उत्तर भारत के अग्रणी हॉस्पिटैलिटी ब्रांड मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंदर कादयान ने कहा, 'इन नए खिलाड़ियों के शामिल होने से हमारी टीम की गहराई और ताकत में जबरदस्त इजाफा हुआ है। दिग्गज अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों का यह मेल हर चुनौती के लिए तैयार है।'

### लीग का रोमांचक प्रारूप

लीजेंड 90 लीग, 90 गेंदों का एक तेज़-तर्रार फॉर्मेट है, जिसमें कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एक साथ खेलते नजर आएंगे। यह लीग उनके लिए एक उत्सव है, जो उन्हें अपने सुनहरे दिनों को दोबारा जीने का मौका देती है। पिछले महीने टीम ने अपने लोगो का अनावरण किया था, जो एक ढाल और कवच के प्रतीक के साथ उनकी ताकत, एकजुटता और वीरता को दर्शाता है। दिल्ली रॉयल्स की इस मजबूत टीम के साथ शिखर धवन की वापसी क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक होगी। लीजेंड 90 लीग का यह सीजन निश्चित तौर पर यादगार बनने वाला है।

# भुवनेश्वर में प्रो लीग के साथ सत्र का आगाज करेंगी हॉकी टीमें

एजेंसी । भुवनेश्वर

भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें 15 फरवरी से शुरू हो रहे एफआईएच प्रो हॉकी लीग से अंतरराष्ट्रीय सत्र की शुरुआत करेंगी। पुरुष टीम का सामना स्पेन से जबकि महिला टीम 15 फरवरी को कलिंगा स्टेडियम में इंग्लैंड से खेलेगी। भारत के अधिकांश खिलाड़ी इस समय राउरकेला और रांची में हॉकी इंडिया लीग में खेल रहे हैं।




### सत्र का आगाज ऑस्ट्रेलिया में होगा


एफआईएच प्रो लीग का भुवनेश्वर चरण सिडनी में चार से नौ फरवरी के बीच ऑस्ट्रेलिया चरण के बाद शुरू होगा। भारत, स्पेन, इंग्लैंड, जर्मनी और आयरलैंड की पुरुष टीमें 15 से 25 फरवरी तक प्रो लीग मैच खेलेंगी। एफआईएच ने कहा, ऑस्ट्रेलियाई चरण के बाद लीग का अगला चरण भारत के भुवनेश्वर में होगा जो हॉकीप्रेम के लिए मशहूर है। महिला टीम की स्पर्धा में भी भारत, स्पेन, इंग्लैंड, जर्मनी और नीदरलैंड्स खेलेंगे। दुनिया की शीर्ष टीमों के बीच 11 दिन के भीतर 24 मैच खेले जाएंगे। एफआईएच प्रो लीग के इस सत्र का आगाज ऑस्ट्रेलिया में होगा जिसमें गत चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड्स और स्पेन से खेलेंगी।

कोपा डेल रे

# एफसी बार्सिलोना, एटलेटिको मैड्रिड क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी । मैड्रिड

एफसी बार्सिलोना ने बुधवार को रियल बेटिस को घरेलू मैदान पर 5-1 से हराकर कोपा डेल रे के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। बार्सा ने रविवार को स्पेनिश सुपरकप में रियल मैड्रिड पर 5-2 की जीत के बाद एक और प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने मैच में लगभग शुरुआत से लेकर आखिर तक नियंत्रण बनाए रखा। गेवी ने तीसरे मिनट में ही पेड्री और डैनी ओल्मो के मूव के बाद बार्सा के लिए पहला गोल करके दिखाया कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गए हैं, और जूल्स कोंडे ने 27वें मिनट में लैमिन यामल की शानदार सहायता के बाद एक टाइट एंगल से एक शक्तिशाली शॉट के साथ बढ़त को दोगुना कर दिया।




# कोहली के रणजी खेलने पर सस्पेंस कायम

एजेंसी । नई दिल्ली

विराट कोहली रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे या नहीं, कोहली से यह सवाल पूछने की हिम्मत डीडीसीए के अधिकारी नहीं जुटा पा रहे हैं। दरअसल, कोहली का नाम दिल्ली रणजी टीम के संभावितों में शामिल हैं, लेकिन वे पिछले 13 साल से डोमेस्टिक क्रिकेट नहीं खेले हैं। ऐसे में DDCA के अधिकारी अध्यक्ष रोहन जेटली और कोहली के कोच रहे राजकुमार शर्मा से कन्फर्मेशन का इंतजार कर रहे हैं।

### संभावितों में नाम शामिल, पर बात करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे दिल्ली के अधिकारी



### 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ खेल सकते हैं विराट

अगर विराट दिल्ली की टीम से खेलने तैयार होते हैं तो वह 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ होने वाले मुकाबले में दिल्ली की ओर से खेलते नजर आ सकते हैं। अब तक इस मुकाबले का वेन्यू तय नहीं है।

### गौतम गंभीर ने दी थी सलाह

दरअसल, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज में मिली करारी हार के बाद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने स्टार प्लेयर्स को डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने की सलाह दी थी। इसके बाद टीम इंडिया के विकेटकीपर ऋषभ पंत, ओपनर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल सहित कई स्टार खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी में खेलने को तैयार हैं। कप्तान रोहित शर्मा भी रणजी टीम के साथ प्रैक्टिस कर रहे हैं। कोहली का नाम दिल्ली टीम साल 2012 के बाद से संभावित खिलाड़ियों में दे रही है, लेकिन ड्रेसिंग रूम में उनका इंतजार खत्म नहीं हो रहा है।

# चोटिल सोफी की जगह चार्ली बेंगलुरु टीम में

एजेंसी । बेंगलुरु

ऑस्ट्रेलिया की चोटिल खिलाड़ी सोफी मोलिनू की जगह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंग्लैंड की ऑलराउंडर चार्ली डीन को आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए गुरुवार को अपनी टीम में शामिल किया। फ्रेंचाइजी ने कहा कि मोलिनू घुटने की चोट के कारण डब्ल्यूपीएल के तीसरे चरण में नहीं खेल पाएंगी। डीन इंग्लैंड के लिए तीन टेस्ट और 39 वनडे के अलावा 36 टी-20 खेल चुकी हैं। वह 30 लाख रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगी। मोलिनू



इससे पहले घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप वनडे सीरीज से बाहर हो गई थीं। गत चैंपियन आरसीबी ने पिछले चरण के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया था।



# पार्ल रॉयल्स ने मुंबई केपटाउन को हराया

एजेंसी । पार्ल

उदीयमान सितारे लुआन ड्रे प्रिटोरियस के शानदार अर्धशतक की मदद से पार्ल रॉयल्स ने एसए 20 लीग के मैच में मुंबई केपटाउन को बुधवार को छह विकेट से मात दे दी। मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 158 रन बनाए। रासी वान डर डुसेन के 64 गेंद में नाबाद 91 रन से मजबूत स्कोर बनाया। रीजा हेंडरिक्स ने 30 रन का योगदान दिया लेकिन मुजीबुर रहमान ने जैसे ही उन्हें आउट किया, उनकी टीम की लय टूट गई। फिर रॉयल्स के 18 वर्ष के प्रिटोरियस ने 52 गेंद में 83 रन की पारी में तीन छक्के और आठ चौके लगाए। रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने नाबाद 22 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।

# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले भारत को मिला नया बल्लेबाजी कोच

## सितांशु कोटक के नाम पर लगी मोहर

एजेंसी । नई दिल्ली

सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक को इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज और चैंपियंस से पहले गुरुवार को भारत का बल्लेबाजी कोच बनाया गया है। कोटक इससे पहले भारत ए के मुख्य कोच थे। उनकी देखरेख में भारत ए टीम ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। इसके अलावा वह राहुल द्रविड़ की गैरमौजूदगी में अगस्त, 2023 में आयरलैंड दौरे पर गई भारतीय टीम के मुख्य कोच भी रहे थे। इस सीरीज में जसप्रीत बुमराह ने टीम का नेतृत्व किया था।

### उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे अभिषेक नायर

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सितांशु कोटक की नियुक्ति भारतीय टीम के आगामी कार्यक्रमों को देखते हुए की है। दरअसल, हाल ही में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। इस दौरान भारतीय बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया था, जिसके बाद से सहायक कोच अभिषेक नायर पर सवाल खड़े हुए थे।



### 22 जनवरी से शुरू होगी भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से पहले टीम इंडिया को नया बल्लेबाजी कोच मिल गया है। उम्मीद है कि भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार होगा। सूत्र ने आगे कहा- 'भारत ए टीम का दौरा होने वाला है और कोटक आम तौर पर ए टीमों के साथ रहते हैं। वह लेवल तीन के कोच हैं और अतीत में वीवीएस लक्ष्मण के सहायक रह चुके हैं। वह पिछले साल आयरलैंड दौरे पर भारत के कोच थे। चूंकि वह एनसीए स्टाफ हैं तो उन्हें कहीं भी भेजा जा सकता है।'

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उजागर हुई थीं भारतीय बल्लेबाजी क्रम की खामियां

52 वर्ष के कोटक लंबे समय से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बल्लेबाजी कोच हैं। वह सीनियर और ए टीमों के साथ दौरों पर जा चुके हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'यह स्पष्ट है कि अभिषेक नायर से खिलाड़ियों को मदद नहीं मिल पा रही है। कोटक लंबे समय से बल्लेबाजी कोच हैं और खिलाड़ी उन पर भरोसा करते हैं।' आस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजों की तकनीकी कमियां उजागर हुई और विराट कोहली आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर विकेट गंवाते रहे। कोटक ने घरेलू क्रिकेट में 15 शतक समेत 8000 से अधिक रन बनाए हैं।

# आयरलैंड पर लगा जुर्माना



एजेंसी । नई दिल्ली

आयरलैंड की महिला क्रिकेट टीम पर भारतीय महिला टीम के खिलाफ तीसरे एवं अंतिम एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के कारण गुरुवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। भारतीय टीम ने बीते बुधवार को राजकोट में खेले गए इस मुकाबले को 304 रनों के विशाल मार्जिन से जीतकर सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि अमीरात आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरीज की मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी ने यह जुर्माना लगाया, क्योंकि समय की छूट को ध्यान में रखते हुए भी आयरलैंड की टीम निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर पीछे पाई गई थी।

# अनुराग कश्यप का यू-टर्न



कुछ दिन पहले अनुराग कश्यप ने कहा था कि उनमें अब लड़ने की ताकत खत्म हो गई है। वह बॉलीवुड वालों से परेशान हैं इसलिए अब मुंबई छोड़कर साउथ में बस जाएंगे। इस फैसले के पीछे अनुराग ने कई कारण गिना दिए थे। हाल ही में अनुराग कश्यप ने अपने मुंबई छोड़ने वाले बयान पर एक नई बात कह दी है। वह मुंबई को अपनी कर्म भूमि बता रहे हैं। तो क्या अब वह मुंबई नहीं छोड़ने वाले हैं? क्या कहा है, अपने नए बयान में अनुराग कश्यप ने जानिए।

### क्या है डायरेक्टर की नाराजगी की वजह?

अनुराग कश्यप बॉलीवुड से इसलिए नाराज है कि उन्हें अपने हिसाब से काम करने को नहीं मिल रहा है। साथ ही उनकी पांच फिल्में भी अटकी पड़ी हैं। पिछले दिनों अनुराग ने इस बारे में भी बताया था। दरअसल, साल 2023 में अनुराग की फिल्म 'कैनेडी' को कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था, जहां इसकी काफी तारीफ हुई। लेकिन तब से यह फिल्म रिलीज नहीं हुई है। इस बात का अनुराग को दुख है। वह कहते हैं, 'मैंने पांच फिल्में बनाई है, जो अब तक रिलीज नहीं हो पाई हैं। 'कैनेडी' फिल्म तो ऐसे लोगों के पास है, जिन्होंने आजतक फिल्म नहीं बनाई। स्टूडियो वाले कहते हैं कि आप अपनी हिस्सेदारी बढ़ाओ, पैसा कमाओ और मुनाफा लाओ।'

### अनुराग ने नए बयान में क्या कहा ?

हाल ही में अनुराग कश्यप को फिल्म 'सत्या' की री रिलीज की स्क्रीनिंग पर देखा गया। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए अनुराग ने मुंबई छोड़ने वाले अपने बयान पर फिर से बात की। वह कहते हैं, 'हां, मैं जा रहा हूं, बाहर रहूंगा लेकिन कर्म भूमि तो यही है। बस मेरी रहने वाली जगह अब अलग होगी।' इस तरह से अनुराग ने साफ कर दिया कि वह मुंबई तो पक्का छोड़ रहे हैं लेकिन बॉलीवुड में फिल्में करते रहेंगे। अनुराग के लिए हमेशा ही मुंबई, बॉलीवुड उनकी कर्मभूमि रहेगी।



# घर से बेघर होकर तिलमिलाईं शिल्पा शिरोडकर

अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर बिग बॉस 18 के ग्रैंड फिनाले की प्रबल दावेदार थीं , लेकिन शो खत्म होने से ठीक चार दिन पहले शो में उनका सफर खत्म हो गया। टॉप 6 में जगह बनाने के बाद शिल्पा शो से बाहर हो गईं। सबसे कम वोट मिलने के बाद आर्ट डायरेक्टर ओमंग कुमार ने उन्हें बाहर निकाला। विवियन डीसेना, करणवीर मेहरा, ईशा सिंह, रजत दलाल, चुम दरंग और अविनाश मिश्रा अब शो के फाइनलिस्ट हैं। अपने एलिमिनेशन से दुखी होने के बावजूद शिल्पा ने इसे अपने जीवन का सबसे अच्छा सफर बताया। स्क्रीन के साथ एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में बिग बॉस 18 की प्रतियोगी ने शो में अपने अनुभवों के बारे में बात की।



# वरुण धवन ने झांसी में शुरू की 'बॉर्डर 2' की शूटिंग

वरुण धवन ने आखिरकार अपनी आगामी देशभक्ति एक्शन फिल्म बॉर्डर 2 के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग का पहला चरण उत्तर प्रदेश के झांसी में हो रहा है। फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिलहाल वे लोग शूटिंग में शामिल नहीं हुए हैं। झांसी के सैन्य छावनी क्षेत्र में स्थापित बॉर्डर 2 का उद्देश्य अपनी मनोरंजक कहानी, एक्शन सीन्स के साथ सच्ची घटनाओं को पर्दे पर दिखाना है। इंस्टाग्राम पर निर्माताओं ने बॉर्डर 2 के सेट से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वरुण निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अभिनेता को ग्रे टी-शर्ट और नीली जींस पहने देखा जा सकता है। उन्होंने इस आउटफिट को ब्लैक लेदर जैकेट के साथ पहना और मूंछों वाला लुक दिया। उन्होंने कुमार और दत्ता के साथ फिल्म का क्लैपबोर्ड पकड़ा।

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## न्यूज़ ब्रीफ

### हम्पी मंदिर में केले पर बैन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हम्पी मंदिर ने मंदिर परिसर में केले पर प्रतिबंध लगा दिया। 7वीं सदी में बने भगवान शिव के इस मंदिर के प्रबंधन ने गुरुवार को यह जानकार दी। मंदिर के बंदोबस्ती अधिकारी हनुमंतप्पा ने कहा कि प्रतिबंध को गलत संदर्भ में न लें और इसे विवाद का विषय न बनाएं। भक्त हाथी को खिलाने के लिए केले लाते हैं। ज्यादा केले खाने से हाथियों को नुकसान हो सकता है। इसके अलावा भक्त केले के छिलके और थैलियां (जिसमें वे केले लाते हैं) भी इधर-उधर छोड़ जाते हैं। मंदिर को दक्षिण काशी के रूप में जाना जाता है। यहां रोजाना करीब 5 हजार भक्त आते हैं। विशेष दिनों और वीक ऑफ यह 50 हजार तक पहुंच जाती है।

### सजा पूरी कर चुके पाकिस्तानियों की रिहाई पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश की विभिन्न जेलों में बंद पाकिस्तानी कैदियों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत में दायर याचिका में सजा पूरी कर चुके 103 पाकिस्तानी कैदियों की रिहाई के लिए भारत सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी। इस पर अदालत ने कहा कि इस मसले पर एक याचिका कई सालों से लंबित है। अदालत पहले से ही उसपर सुनवाई कर रही है, ऐसे में इस नई अर्जी पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं है। न्यायाधीश एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई करने से इनकार कर दिया। अधिवक्ता नितिन मट्टू द्वारा दायर याचिका में कहा गया था कि पाकिस्तानी कैदी, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है या जिन्हें बरी कर दिया गया है, उन्हें जेल से रिहा किया जाना चाहिए। इसके अलावा, यह भी कहा गया कि केंद्र सरकार को विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर इन कैदियों की सूची उपलब्ध करानी चाहिए।

### गोवा के मंदिर में भिड़ंत, 38 पर केस दर्ज

**पणजी।** गोवा के पोरीम स्थित भूमिका मंदिर में दो गुट भिड़ गए। इस मामले में 38 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अनुष्ठान करने के अधिकार को लेकर मंदिर में वार्षिक कालोत्सव के दौरान एक समुदाय के भक्तों को कथित तौर पर मंदिर में प्रवेश करने से रोका गया तो दो समूहों के बीच झड़प हो गई। उत्तरी गोवा के एसपी का कहना है कि झड़प के बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत 38 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

### मिजोरम के 25वें राज्यपाल बने पूर्व सेना प्रमुख वीके सिंह

**आइजोल।** पूर्व सेना प्रमुख वीके सिंह ने गुरुवार को मिजोरम के राज्यपाल पद की शपथ ली। वीके सिंह 1987 में बने राज्य मिजोरम के 25वें राज्यपाल हैं। उन्होंने राज्यपाल हरिबाबू कंभमपति की जगह ली। उनको अब ओडिशा का राज्यपाल बनाया गया है। आइजोल स्थित राजभवन में पूर्व केंद्रीय मंत्री वीके सिंह को गौहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई ने राज्यपाल पद की शपथ ग्रहण कराई। समारोह में मिजोरम के सीएम लालदुहोमा और मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष लालबियाकजामा, उपाध्यक्ष लालफामकिमा समेत तमाम सांसद, विधायक और अधिकारी मौजूद रहे।

# इसरो को जल्द मिलेगा श्रीहरिकोटा में तीसरा लॉन्च पैड

### मोदी कैबिनेट ने 3,984 करोड़ के प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर में तीसरे लॉन्च पैड (TLP) की स्थापना को मंजूरी दे दी है। ये कदम भारत की स्पेस में मत्वकांक्षाओं को बढ़ावा मिलेगा। इस बारे में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन स्पेस सेंटर में 3,985 करोड़ रुपये की लागत से तीसरा लॉन्च पैड स्थापित करने को मंजूरी दे दी।



### '48 महीने में पूरा होगा प्रोजेक्ट'

सरकार के इस फैसले का उद्देश्य इसरो के लॉन्च बुनियादी ढांचे को बढ़ाना और नेक्स्ट जनरेशन लॉन्च व्हीकल (NGLV) का समर्थन करना है। TLP आने वाले वक्त में ह्यूमन मिशनों के लिए भारत की क्षमता को बढ़ाते हुए मौजूदा दूसरे लॉन्च पैड के लिए एक महत्वपूर्ण बैकअप के रूप में काम करेगा। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 3,984 I86 करोड़ रुपये है। इस प्रोजेक्ट के 48 महीने के अंदर पूरा होने की उम्मीद है। नए लॉन्च पैड को NGLV और LVM3 वाहनों समेत विभिन्न कॉन्फ़िगरेशन को समायोजित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें उद्योग की भागीदारी को बढ़ाने और लॉन्च पैड निर्माण में इसरो के व्यापक अनुभव का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। तीसरे लॉन्च पैड को ऐसे कॉन्फ़िगरेशन के लिए डिज़ाइन किया गया है जो यथासंभव सार्वभौमिक और अनुकूलनीय है जो न केवल एनएनजीएलवी बल्कि सेमी क्रायोजेनिक चरण के साथ एलवीएम 3 वाहनों के साथ-साथ एनएनजीएलवी के स्केल अप कॉन्फ़िगरेशन का भी समर्थन कर सकता है।

### इसरो के पास हैं दो लॉन्च पैड


वर्तमान में भारत के स्पेस मिशन दो परिचालन लॉन्च पैडों पर निर्भर है, पहला लॉन्च पैड (FLP) जिसकी स्थापना 30 साल पहले पीएसएलवी लॉन्च के लिए की गई थी और दूसरा लॉन्च पैड (SLP) जो लगभग 20 साल से लगातार अपनी सेवाएं दे रहा है। टीएलपी की शुरुआत आवश्यक है, क्योंकि भारत 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और संभावित चालक दल वाले चंद्र मिशनों समेत अधिक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहा है। यह अनुकूलनशीलता अगले 25-30 सालों में भारत के अंतरिक्ष प्रोग्राम की उभरती जरूरतों को समायोजित करने के लिए महत्वपूर्ण है। तीसरे लॉन्च पैड की स्थापना न केवल इसरो की क्षमताओं को बढ़ाती है बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की स्थिति को बढ़ाने की दिशा में एक रणनीतिक कदम का भी प्रतीक है।

## अंतरिक्ष में डॉकिंग करने वाला चौथा देश बना भारत

**एजेंसी । बेंगलुरु**

भारत अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट को सक्सेसफुली डॉक करने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ही ऐसा करने में सफल रहे हैं। इसरो ने बताया कि 16 जनवरी को सुबह डॉकिंग एक्सपेरिमेंट को पूरा किया गया। इस मिशन की कामयाबी पर चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशन्स निर्भर थे। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे। वहीं गगनयान मिशन में मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से रात 10 बजे स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया था। इसके तहत PSLV-C60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किए गए। 7 जनवरी को इस मिशन में दोनों स्पेसक्राफ्ट्स को कनेक्ट किया जाना था, लेकिन इसे टाल दिया गया। फिर 9 जनवरी को भी तकनीकी दिक्कतों के कारण डॉकिंग टल गई। 12 जनवरी को स्पेसक्राफ्ट्स को 3 मीटर तक पास लाने के बाद वापस इन्हें सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया था।

**इसरो ने दो स्पेसक्राफ्ट जोड़े**



### दिल्ली विधानसभा चुनाव

## सीएम आतिशी और संजय सिंह को कोर्ट नोटिस

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली की CM आतिशी और AAP सांसद संजय सिंह को नोटिस जारी किया है। ये नोटिस कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित के मानहानि के मामले में दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी। नई दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने अपनी शिकायत में कहा है कि 26 दिसंबर को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके और कांग्रेस पर मानहानि करने वाले आरोप लगाए थे। CM आतिशी और संजय सिंह ने कहा था कि संदीप दीक्षित ने केजरीवाल को हराने के लिए भाजपा से करोड़ों रुपए लिए हैं और वे बीजेपी के साथ मिलकर AAP को हराने की साजिश रचने में शामिल हैं।




### बुराड़ी सीट से JDU ने शैलेंद्र कुमार को टिकट दी

**नई दिल्ली।** भाजपा की सहयोगी JDU ने बुराड़ी सीट से शैलेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया है। दरअसल भाजपा ने दिल्ली विधानसभा 68 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि 1-1 सीट JDU और LJP (रामनिवास) के लिए छोड़ी है।

### कांग्रेस ने तीन नई गारंटियां दी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली चुनाव को लेकर तीन गारंटियों का ऐलान किया है। कांग्रेस ने गुरुवार को सरकार बनने पर दिल्ली की जनता को 500 रुपए का सिलेंडर, फ्री में राशन किट और 300 यूनिट तक फ्री बिजली की गारंटी दी।



गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि दिल्ली में सरकार बनने पर कांग्रेस अपनी सभी गारंटियां पूरी करेगी। इस दौरान उनके साथ प्रभारी काजी निजामुद्दीन और दिल्ली कांग्रेस चीफ देवेंद्र यादव भी मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस फ्लाईपास्ट में ध्रुव-तेजस नहीं होंगे शामिल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत में बना हेलिकॉप्टर ध्रुव और लड़ाकू विमान तेजस गणतंत्र दिवस फ्लाईपास्ट का हिस्सा नहीं होंगे। इसी महीने गुजरात के पोरबंदर में एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव के क्रैश होने के बाद यह फैसला लिया गया है। वहीं, तेजस के सिंगल इंजन एयरक्राफ्ट होने की वजह से इसे फ्लाईपास्ट से बाहर किया गया है। दरअसल, वायुसेना ने गणतंत्र दिवस परेड में सिंगल इंजन एयरक्राफ्ट्स को उड़ाना बंद कर दिया है। वायुसेना अधिकारी ने मीडिया को बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में 22 लड़ाकू विमान, 11 ट्रांसपोर्ट विमान, 7 हेलिकॉप्टर और 3 डोरनियर निगरानी विमान शामिल होंगे। फ्लाईपास्ट में एक राफेल लड़ाकू विमान भी शामिल होगा। परेड में वायुसेना की मार्चिंग दस्ते में 144 जवान शामिल होंगे।

**पोरबंदर हादसे की वजह से ध्रुव, सिंगल इंजन एयरक्राफ्ट होने के कारण तेजस बाहर**



### जांच पूरी होने तक उड़ान नहीं भरेगा

ध्रुव वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि आर्मी, वायुसेना, नौसेना और तटरक्षक बल के पास करीब 330 डबल इंजन ध्रुव हेलिकॉप्टर हैं। पोरबंदर में हुए हादसे के बाद इसके पूरे बेड़े को रोक दिया गया है। 5.5 टन वजनी AHL ध्रुव का निर्माण सरकारी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने किया है। यह पिछले 15 सालों से गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा रहा है। दुर्घटना पर बनी हाई लेवल कमेटी जब तक क्रैश की वजह का पता नहीं लगा लेती, तब तक हेलिकॉप्टरों के उड़ान भरने की संभावना नहीं है। इंडियन कोस्ट गार्ड (ICG) का मार्क- 3 ध्रुव हेलिकॉप्टर नियमित उड़ान पर था। पोरबंदर हवाई अड्डे के रनवे पर लैंडिंग के दौरान दोपहर करीब 12.15 बजे क्रैश हो गया था। हादसे में ICG के 2 पायलट और 1 एयर क्रू गोताखोर की मौत हुई थी।

## सेवा वितरण में सुधार के लिए केंद्र ने राज्यों के साथ की बैठक

**एजेंसी । नई दिल्ली**



डीएआरपीजी ने सेवा वितरण में सुधार के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणाली का आदान-प्रदान करने हेतु सेवा का अधिकार(आरटीएस) आयुक्तों की बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान साझा की गई सर्वोत्तम कार्यप्रणाली में आरटीएस आयोग हरियाणा की ऑटो-अपील प्रणाली, राजस्थान का राज संपर्क 181 कॉल सेंटर और बिहार की बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी शामिल थीं। बैठक में प्रौद्योगिकी का उपयोग करके नागरिकों और सरकार को निकट लाने के लिए ई-सेवाओं को बढ़ावा देने पर जोर देने को भी कहा गया। आधिकारिक बयान के मुताबिक, बैठक की अध्यक्षता प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के सचिव वी श्रीनिवास ने की। इस बैठक में महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड, असम, मेघालय के आरटीएस मुख्य आयुक्त और आयुक्त, के साथ ही बिहार सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव और राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के वरिष्ठ महाप्रबंधक भी शामिल हुए।

## मिदनापुर मेडिकल कॉलेज में डिलीवरी के बाद महिला की मौत

- परिजनों को 5 लाख और गवर्नमेंट जॉब
- CM ममता ने 12 डॉक्टर्स को सस्पेंड किया

**एजेंसी । कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मिदनापुर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल (MMCH) में डिलीवरी के बाद महिला की मौत मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्शन लिया है। उन्होंने आज हॉस्पिटल के 12 डॉक्टर्स को सस्पेंड करने का आदेश दिया है। उन्होंने महिला के परिजनों को 5 लाख रुपए और सरकारी नौकरी देने का भी ऐलान किया है।



### सीआईडी भी डॉक्टरों के खिलाफ जांच जारी रखेगी

इसमें कॉलेज के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट कम वाइस प्रिंसिपल, रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर, एचओडी, सीनियर रेजिडेंट और 6 ट्रेनी डॉक्टर्स शामिल हैं। सभी के खिलाफ गलत सलाइन चढ़ाने की जांच भी की जाएगी। सीआईडी भी डॉक्टरों के खिलाफ जांच जारी रखेगी। दरअसल मिदनापुर हॉस्पिटल में 8 जनवरी को डिलीवरी के बाद 5 महिलाएं कथित रूप से गलत सलाइन चढ़ाने से बीमार हो गई थीं।

## 6,000 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी

- ED का कोलकाता और हावड़ा में बिजनेसमैन के 3 ठिकानों पर छापा

**एजेंसी । कोलकाता**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को 6,000 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में कोलकाता और हावड़ा में तीन अलग-अलग जगहों पर एक साथ छापेमारी की। यह छापा व्यवसायी दीपक जैन के आवास और कार्यालयों पर की गई। पहला कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके बेहाला में और दूसरा कोलकाता से सटे हावड़ा जिले के शिबपुर में है। ED के मुताबिक मामले की जांच के दौरान उसे कई फर्जी कंपनियों और एजेंसियों का पता चला, जो अपराध में शामिल थीं। यह व्यक्ति ऐसी ही एक एजेंसी का निदेशक है और धोखाधड़ी के लिंक और पैसे की हेराफेरी कैसे की गई, इसका पता लगाने के लिए तलाशी ले रहे हैं।



### असम कोयला खदान हादसा

## 5 मजदूर अब भी लापता

**एजेंसी । नई दिल्ली**

असम सरकार ने गुरुवार को उमरंगसो कोयला खदान हादसे की जांच ज्युडीशियल और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम से करवाने की घोषणा की है। सरकार सभी पीड़ितों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए के मुआवजा देगी। साथ ही सभी 220 ऐसी ही खदानों को बंद करने का भी फैसला लिया गया है।



### पानी निकालने में 60 दिन लग सकते हैं

बचाव एजेंसियों का कहना है कि पानी निकालने का काम पूरा होने में लगभग 30 से 60 दिन लगेंगे। अभी NDRF की टीम 15 पंपों के जरिए 7.9 लाख लीटर प्रति घंटे की दर से पानी निकाल रही है। असम के CM हिमंता बिस्वा सरमा का कहना है कि 48 घंटों तक पानी निकालने के बाद भी पानी का लेवल केवल 1 फुट से कम कम हुआ है। ऐसा लगता है कि खदान कहीं न कहीं कोपिली नदी से जुड़ी हुई है। 6 जनवरी को दीमा हसाओ जिले में 3 किलो उमरंगसो की कोयला खदान में पानी भर गया था।

## 'सड़क निर्माण में खामियों को गैर-जमानतीय अपराध बनाया जाए'

- रोड की निराशाजनक हालत पर बिफरे नितिन गडकरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि अगर सड़क निर्माण में कोई खामी होती है, तो इसे गैर-जमानतीय अपराध बनाया जाना चाहिए।



### पांच लाख हादसे हुए

उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया में सड़क दुर्घटनाओं के मामले में भारत नंबर एक पर है। महज 2023 में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं। उन्होंने कहा, 'सड़क निर्माण में खामी पाया जाना गैर जमानतीय अपराध होना चाहिए। इसके साथ ही ठकेदारों और इंजीनियरों को हादसों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। 2023 में पांच लाख हादसे हुए, जिनमें 1,72,000 लोगों की जान गई। इसमें से 66.4 फीसदी यानी 1,14,000 मरने वाले लोगों की उम्र महज 18 से 45 थी।

### 55 हजार मौतें हेलमेट न पहनने के कारण

उन्होंने आगे कहा कि मंत्रालय का उद्देश्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को आधा करना है। उन्होंने यह भी कहा कि 55,000 मौतें हेलमेट न पहनने के कारण और 30,000 मौतें सीट बेल्ट न पहनने के कारण हुईं। साथ ही, उन्होंने कहा कि मंत्रालय सड़कों पर ब्लैक स्पॉट (खतरनाक स्थान) को सुधारने के लिए 40,000 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। गडकरी ने उद्योग और अन्य संबंधित पक्षों से सरकार के साथ मिलकर ड्राइवर प्रशिक्षण और फिटनेस सेंटर स्थापित करने का आह्वान किया, ताकि देश में ड्राइवरों की कमी को दूर किया जा सके।

## गृह मंत्री शाह ने गुजरात के वडनगर को दी 300 करोड़ की सौगात

**एजेंसी । अहमदाबाद**

गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 298 करोड़ रुपये की लागत से तैयार पीएम के गृहनगर वडनगर में पुरातत्व अनुभवात्मक संग्रहालय का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने करीब 35 करोड़ से तैयार वडनगर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स भी जनता को समर्पित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा पर एक फिल्म का भी विमोचन किया गया। इसके अलावा गृह मंत्री ने वडनगर में विरासत परिसर विकास योजना, शहरी सड़क विकास और सौन्दर्यीकरण कार्यक्रम की भी अध्यक्षता की।

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुरातत्व अनुभवात्मक संग्रहालय 12,500 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला है। यह 2,500 साल से पुराने समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास और निरंतर मानव निवास के क्रम को उत्खनन किए गए पुरातात्विक प्रमाणों को दर्शाता है। यह भारत में विकसित अपनी तरह का पहला ऐसा संग्रहालय है, जहां आगंतुकों को पुरातात्त्विक स्थल का अनुभव होगा। इस संग्रहालय में मिट्टी के बर्तनों, शंख निर्माण (उत्पाद और कच्चा माल), सिक्के, आभूषण, हथियार, औजार, मूर्तियां, खेल सामग्री तथा जैवक सामग्री जैसे खाद्यान्न, डीएनए और कंकाल अवशेषों से संबंधित लगभग 5,000 से अधिक कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। नौ विषयगत दीर्घाओं वाले इस संग्रहालय में 4,000 वर्गमीटर के क्षेत्र में फैला उत्खनन स्थल है, जहां 12-16 मीटर की गहराई तक पुरातात्विक अवशेष देखने को मिलते हैं। इस उत्खनन स्थल पर एक अनुभवात्मक वॉक-वे शेड, आने वाले लोगों को उत्खनन से प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों का प्रदर्शन कराएगा।

